समवेत शिखर

मां चंद्रघण्टा का पूजा मंत्र
पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महयं चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।

वर्ष-35 अंक-314 | रायपुर, मंगलवार 01 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

फर्स्ट कालम

वक्फ़ को लेकर मुसलमान बहकावे में नहीं आएं : शाहनवाज़ हुसैन

नई दिल्ली। संसद में इस सप्ताह वक्फ़ संशोधन विधेयक पेश किये जाने की अटकलों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज देश के मुस्लिम समाज को आगाह किया कि उन्हें कांग्रेस के ईकोसिस्टम द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की तर्ज पर वक्फ़ को लेकर भड़काने की कोशिश की जा रही है ताकि देश को कमज़ोर किया जा सके इसलिए मुस्लिम समाज को बहकावे में नहीं आना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन ने ईद के अवसर पर उनके निवास पर पधारे पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऐसी रिपोर्टें आयीं हैं कि ईद के मौके पर मस्जिदों में नमाज़ के वक्त कई जगह लोग काली पट्टी बांध कर नमाज़ पढ़ने आये हैं।

मोदी रिटायरमेंट पर चर्चा करने नागपुर गए : राउत

नागपुर/मुंबई। शिवसेना सांसद संजय राउत ने मुंबई में दावा किया कि पीएम मोदी अपने रिटायरमेंट प्लान पर चर्चा करने के लिए संघ मुख्यालय गए थे। उन्होंने भाजपा की 75 साल की उम्र में रिटायर होने की पॉलिसी का जिक्र किया। पीएम मोदी भी इस साल सितंबर में 75 साल की आयु पूरी कर लेंगे। इसके अलावा राउत ने यह भी दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही पीएम मोदी के उत्तराधिकारी का फैसला करेगा और उनका उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से होगा। दरअसल, बीते दिन पीएम मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार आरएसएस मुख्यालय पहुंचे थे।

रामविलास पासवान की पहली पत्नी को घर से निकाला, बिगड़ी तबीयत

पटना। दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद गहरा गया है। उनकी पहली पत्नी राजकुमारी देवी ने घर से निकाले जाने और संपत्ति में हिस्सेदारी न मिलने का आरोप लगाया है। खगड़िया के शहरबन्नी गांव स्थित संपत्ति को लेकर विवाद तब सामने आया, जब राजकुमारी देवी ने आरोप लगाया कि पशुपति पारस के लोगों ने हमारे कमरों में ताला लगा दिया है। इसके साथ ही घर से निकाल दिया है। राजकुमारी देवी ने चिराग पासवान से अपील की है कि वे जल्द से जल्द गांव आएं और संपत्ति का बंटवारा कराएं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो हम मर जाएंगे।

औरंगजेब का मकबरा संरक्षित स्मारक, लेकिन उसके महिमामंडन की अनुमति नहीं देंगे : फड़णवीस

मुंबई। औरंगजेब विवाद के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने एक बार फिर से बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि लोग मुगल बादशाह औरंगजेब को पसंद करें या न करें, उनकी कब्र संरक्षित स्मारक है, लेकिन उनका महिमामंडन नहीं होने दिया जाएगा। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए फड़णवीस ने कहा कि कानून के दायरे से बाहर संरचनाओं को हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम औरंगजेब को पसंद करें या न करें, उनकी कब्र संरक्षित स्मारक है। हम किसी को भी उनका महिमामंडन नहीं करने देंगे। आपको बता दें कि दक्षिणपंथी संगठन छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद कस्बे में 17वीं सदी के मुगल शासक के मकबरे को हटाने की मांग कर रहे हैं।

न्यूक्लियर डील पर ट्रम्प की ईरान को धमकी, कहा- समझौता करें वरना बमबारी होगी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को धमकी दी है कि अगर वह अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम पर किसी समझौते पर नहीं पहुंचता तो अमेरिका उस पर बमबारी कर सकता है। ट्रम्प ने ईरान पर सेकेंडरी टैरिफ लगाने की भी धमकी दी। अगर वे कोई डील नहीं करते हैं तो बमबारी होगी। यह ऐसी बमबारी होगी, जैसी उन्होंने पहले कभी नहीं देखी होगी। ट्रम्प ने आगे कहा- उनके (ईरान) पास एक मौका है, अगर वे ऐसा नहीं करते तो मैं उनपर 4 साल पहले की तरह सेकेंडरी टैरिफ लगाऊंगा। न्यूक्लियर प्रोग्राम पर अमेरिकी और ईरानी अधिकारी बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया।

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सोमवार को ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। राजधानी रायपुर में सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह दिखा। नए कपड़े पहनकर बच्चे भी बड़े-बुजुर्गों के साथ ईद की नमाज पढ़ते नजर आए। सभी लोगों ने सामूहिक रूप से देश में शांति, सुकून और भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी। *फोटो: राजेश सोनकर*

धूमधाम से मनाई गई ईद, अमन-चैन की दुआ मांगी गई

राष्ट्रपति मुर्मु और पीएम मोदी ने दी बधाई, समाज में आशा और सद्भाव की कामना की

नई दिल्ली (ए)। देशभर में आज ईद का त्योहार परंपरागत तरीके से धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। लोग एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दे रहे हैं। ईद-उल-फित्तर के मौके पर सुबह प्रमुख मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क में अमन और शांति के लिए दुआ मांगी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को ईद की बधाई दी और समाज में आशा और सद्भाव की कामना की।

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की जामा मस्जिद, फतेहपुरी मस्जिद, भोपाल की ईदगाह मस्जिद, पटना के गांधी मैदान, हैदराबाद, लखनऊ, बेंगलुरु, मुंबई और अन्य शहरों और कस्बों में लोगों ने सुबह ईद की नमाज अदा की।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और नोएडा में लगभग सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। हरियाणा गुरुग्राम जिले में भी ईद का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है। दिल्ली की जामा मस्जिद में सुबह 6:45 बजे और फतेहपुरी मस्जिद में 7:30 बजे नमाज अदा की गई। इस दौरान बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि मामले में पूर्व वादी इकबाल अंसारी ने अयोध्या में कहा कि आज का दिन ईद का है। और इसे ईद मिलन कहा जाता है। ईद के त्योहार की हिंदू और मुसलमान दोनों ही एक साथ खुशियां मानते हैं। आज का दिन सभी के लिए शुभ है। हिंदुओं के लिए भी क्योंकि नवरात्रि भी चल रही है। कहीं कोई भेदभाव नहीं है। दिल्ली की फतेहपुरी मस्जिद के इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने कल देरशाम अलग-अलग जगहों पर ईद का चांद दिखने का एलान किया था। उन्होंने घोषणा की थी कि रमजान महीने की समाप्ति के साथ सोमवार को देशभर में ईद-उल-फित्तर का त्योहार मनाया जाएगा।

लखनऊ में रविवार को चाँद दिखने के बाद, भारत में ईद का जश्न सोमवार यानी 31 मार्च से शुरू हो गया। इससे पहले शनिवार को सऊदी अरब में चाँद दिखा, जिसके साथ ही देश में 29 दिन तक चलने वाले रमज़ान का अंत हो गया। ईद-उल-फितर जिसे 'उपवास तोड़ने का त्यौहार' भी कहा जाता है, दुनिया भर में लाखों मुसलमानों द्वारा मनाए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण इस्लामी उत्सवों में से एक है। यह रमज़ान के अंत का प्रतीक है, जो उपवास, प्रार्थना, चिंतन और आध्यात्मिक विकास के लिए समर्पित एक पवित्र महीना है। चारों ओर उत्सव की भावना के साथ सभी ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं एक -दूसरे को देते हैं। लोग दोस्तों और परिवार के साथ इस त्यौहार को धूमधाम से मनाते हैं।

वक्फ संशोधन बिल कल पेश हो सकता है मंत्री रिजिजू बोले-इसकी तैयारी कर रहे

नई दिल्ली (ए)। वक्फ संशोधन बिल को 2 अप्रैल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार पहले लोकसभा में बिल पेश करेगी। सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। बिल पर संसद के बाहर खूब विचार-विमर्श हुए हैं। हमें सदन में बहस और चर्चा में भी जरूर भाग लेना चाहिए।

रिजिजू ने कहा कि बिल पर बनी जेपीसी ने लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा परामर्श प्रक्रिया का रिकॉर्ड बनाया है। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि लोगों को गुमराह न करें। उन्होंने कहा कि भोले-भाले मुसलमानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि सरकार मुसलमानों की संपत्ति और अधिकार छीनने जा रही है।

गृह मंत्री अमित शाह ने 29 मार्च को एक निजी चैनल से बातचीत में इसी सत्र (बजट सत्र) में वक्फ बिल संसद में पेश करने की बात कही थी। शाह ने कहा था कि इस बिल से किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। ईद के दिन देश में कई जगह नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टियां बांधकर पहुंचे। रमजान का आखिरी जुमा (जुमातुल विदा) के दिन 28 मार्च को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशभर के मुसलमानों से काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने जाने को कहा था। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने जारी किए गए लेटर में लिखा था- वक्फ संशोधन बिल का पुरजोर विरोध करना देश के हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। सभी मुसलमान नमाज के लिए मस्जिद जाते समय काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण और मौन विरोध दर्ज कराएं।

संसद ने 1954 में बनाया था वक्फ एक्ट : वक्फ में मिलने वाली जमीन या संपत्ति की देखरेख के लिए कानूनी तौर पर एक संस्था बनी, जिसे वक्फ बोर्ड कहते हैं। 1947 में देश का बंटवारा हुआ तो काफी संख्या में मुस्लिम देश छोड़कर पाकिस्तान गए थे।

वहीं, पाकिस्तान से काफी सारे हिंदू लोग भारत आए थे। 1954 में संसद ने वक्फ एक्ट 1954 के नाम से कानून बनाया। इस तरह पाकिस्तान जाने वाले लोगों की जमीनों और संपत्तियों का मालिकाना हक इस कानून के जरिए वक्फ बोर्ड को दे दिया गया।



वक्फ बोर्ड के पास कितनी संपत्ति है

देश के सभी 32 वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में अलग-अलग दावे किए जाते हैं, लेकिन 2022 में भारत सरकार ने बताया कि देश में 7.8 लाख से ज्यादा वक्फ की अचल संपत्तियां हैं। इनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश वक्फ के पास करीब दो लाख से ज्यादा अचल संपत्तियां हैं। सुप्रीम कोर्ट के वकील विराग गुप्ता बताते हैं कि 2009 के बाद वक्फ की संपत्तियों में दोगुने का इजाफा हुआ है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने दिसंबर 2022 में लोकसभा में जानकारी दी थी जिसके अनुसार वक्फ बोर्ड के पास 8,65,644 अचल संपत्तियां हैं। लगभग 9.4 लाख एकड़ वक्फ की जमीनों की अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ है।

केंद्र सरकार शिक्षा नीति के माध्यम से अपने 3 एजेंडे केंद्रीकरण व्यवसायीकरण और सांप्रदायिकता को आगे बढ़ा रही: सोनिया

केंद्र सरकार शिक्षा के प्रति उदासीन

नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आलोचना की है। अंग्रेजी अखबार द हिंदू के एक आर्टिकल में सोनिया गांधी ने लिखा, 'केंद्र सरकार शिक्षा नीति के माध्यम से अपने 3 सी एजेंडे (केंद्रीकरण, व्यवसायीकरण और सांप्रदायिकता) को आगे बढ़ा रही है। शिक्षा नीति भारत के युवाओं और बच्चों की शिक्षा के प्रति सरकार की गहरी उदासीनता को दिखाती है।

सोनिया ने अपने लेख में केंद्र पर संघीय शिक्षा ढांचे को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा- मोदी सरकार राज्य सरकारों को महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों से बाहर रखकर शिक्षा के संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है। शिक्षा नीति में केंद्र सरकार ने सारी ताकत अपने हाथ में ले ली है और सिलेबस और संस्थानों में सांप्रदायिकता फैलाई जा रही है। सोनिया ने शिक्षा नीति के लिए निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में राज्य सरकारों को दरकिनार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक सितंबर 2019 से नहीं हुई है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों के मंत्री शामिल हैं।

सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के लिए ग्रांट रोककर राज्य सरकारों को पीएम-श्री (पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना को लागू करने के लिए मजबूर किया है। स्कूली शिक्षा के अनियंत्रित निजीकरण को बढ़ावा दिया।

दंतेवाड़ा मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी नक्सली रेणुका ढेर

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ में लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी सुरक्षा बलों ने माओवादी संगठन को करारा झटका दिया जब दंतेवाड़ा और बीजापुर की सीमा पर हुई मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी महिला माओवादी रेणुका उर्फ बानु ढेर कर दी गयी। जवानों ने महिला नक्सली के शव के साथ इंसास राइफल और भारी मात्रा में गोला बारूद भी बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दंतेवाड़ा और बीजापुर में सुरक्षाबलों के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ अभी भी जारी है और जवानों के वापस आने के बाद अंतिम आंकड़े जारी किए जाएंगे। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि, जवानों को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। इस बीच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि आज दंतेवाड़ा मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी महिला माओवादी रेणुका उर्फ बानु मारी गई। उन्होंने कहा,÷भटके हुए लोगों से पुनः अपील है कि नक्सलवाद के काले अंधकार को छोड़ें और लोकतंत्र के प्रकाश से उज्ज्वल समाज की मुख्यधारा में शामिल हों। विष्णुदेव सरकार आपका स्वागत करती है!

ड्रग कारोबार के खिलाफ सरकार का अभियान निरंतर जारी : शाह



नई दिल्ली (ए)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली - राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक बड़े नार्को -नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की सराहना करते हुए कहा है कि ड्रग कारोबार के खिलाफ सरकार का अभियान निरंतर जारी है।

श्री शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ड्रग्स के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत, दिल्ली-एनसीआर में एक बड़े नार्को-नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया। एनसीबी और दिल्ली पुलिस ने गिरोह को दबोचते हुए 27.4 करोड़ रुपये मूल्य के मेथमफेटामाइन, एमडीएमए और कोकीन बरामद किए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया। मैं इस बड़ी कामयाबी के लिए एनसीबी और दिल्ली पुलिस की सराहना करता हूँ। दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले मेथमफेटामाइन के लेन-देन की सूचना मिलने पर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की संयुक्त टीम ने संदिग्धों पर नजर रखी। टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोका, जिसमें 5.103 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला क्रिस्टल मेथमफेटामाइन बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 10.2 करोड़ रुपये है। वाहन में सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें चार अफ्रीकी नागरिक शामिल हैं, जो नाइजीरिया के एक प्रभावशाली परिवार से संबंधित हैं।

राहुल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर मंत्री अन्नपूर्णा देवी को लिखा पत्र

नई दिल्ली, (ए)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी को पत्र लिख कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करने का उनसे आग्रह किया है।

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को लिखे पत्र में श्री गांधी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर उनका ध्यान आकर्षित करते हुए कहा ÷आंगनवाड़ी बहनों का भुखमरी, कुपोषण और कोविड के खिलाफ लड़ाई में अहम योगदान है इसलिए, सरकार से तीन कदम उठाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय के केंद्रीय योगदान में बढ़त हो और सेवानिवृत्त श्रमिकों और सहायकों को ग्रेच्युटी मिले तथा उनकी कार्य स्थितियों और सामाजिक सुरक्षा में सुधार हो।

लाल और गेरुआ एक हुए, भाजपा-लेफ्ट बंगाल में दंगे भड़काना चाहते हैं : ममता

कोलकाता (ए)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में हुई हिंसा को लेकर भाजपा और लेफ्ट पर एक-दूसरे के साथ मिलकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

ममता ने बिना नाम लिए कहा कि ये दोनों पार्टियां मिलकर दंगे भड़काने की कोशिश कर रही हैं। नवरात्रि चल रही है, मैं इसके लिए भी शुभकामनाएं देती हूं, लेकिन हम चाहते हैं कि कोई भी अशांति न फैलाए। ममता सोमवार को ईद के अवसर पर कोलकाता में ईदगाह पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि ञ्जस्ष्ट सरकार दंगों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी धर्मों के लिए अपने जीवन का बलिदान करने के लिए तैयार हैं। बहुमत का कर्तव्य अल्पसंख्यक की रक्षा करना है और अल्पसंख्यक का कर्तव्य बहुसंख्यकों के साथ रहना है। हम किसी को दंगा नहीं करने देंगे। हमारी एक ही आवाज है, दंगे रोकना।

हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्रों और पुलिस के बीच झड़प

हैदराबाद। हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास आईटी पार्क बनाने के का विरोध कर रहे छात्रों और पुलिस के बीच रविवार को खूब हंगामा हुआ। छात्र पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं की वजह से प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे थे। इस घटना के बाद राजनीतिक विवाद पैदा हो गया है। विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने आरोप लगाया कि पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों के बाल पकड़कर घसीटा और उनकी पिटाई की। लड़कियों के कपड़े फाड़े गए। वहीं, छात्रों ने कहा- बुलडोजर आते देख वे मौके पर पहुंचे थे। मामले में तेलंगाना ष्टरूरेवंत रेड्डी ने कहा- छात्रों को भड़काया जा रहा है।

लोकार्पण » चिनाब ब्रिज : 1315 मीटर लंबाई, 359 मीटर ऊंचाई

दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज का उद्घाटन 19 अप्रैल को

श्रीनगर (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाएंगे। सबसे पहले वे उधमपुर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज (चिनाब ब्रिज) का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे कटरा (माता वैष्णो देवी) पहुंचकर जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल जम्मू रेलवे स्टेशन पर मरम्मत का काम चल रहा है, इस वजह से ट्रेन सेवा अस्थायी रूप से कटरा से शुरू की जा रही है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अगस्त से यह ट्रेन जम्मू से चलना शुरू करेगी। जम्मू से श्रीनगर की दूरी करीब 250 किमी है। 25 जनवरी को कटरा-श्रीनगर रूट का सफल ट्रायल हुआ था। ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा से रवाना हुई और 11 बजे श्रीनगर पहुंची। ट्रेन ने 160 किमी का सफर 3 घंटे में पूरा किया था। जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को विशेष रूप से एंटी फ्रीजिंग सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। यात्री और मालगाड़ियों से आगे चलने वाली बर्फ हटाने वाली ट्रेन यह सुनिश्चित करेगी कि इस रणनीतिक मार्ग पर ट्रेनें पूरे साल दिन-रात चलेंगी। ट्रेन में लगा हीटिंग सिस्टम पानी की टंकियों और बायो-टॉयलेट को जमने से रोकेगा। ड्राइवर का विंडशील्ड और एयर ब्रेक माइनस टेंपरेचर में भी काम करेगा। इससे दोनों क्षेत्रों के बीच हर मौसम में संपर्क सुनिश्चित होगा।

अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में आग इटारसी के पास सवा घंटे खड़ी रही ट्रेन

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में इटारसी के पास चलती ट्रेन की बोगी में आग लग गई। ये घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की बताई जा रही है। घटना अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में हुई है। अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देखा। जिसके बाद ट्रेन को अचानक रोका गया। ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद ट्रेन करीब सवा घंटे तक खड़ी रखी। बाद में आग वाले कोच को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

भारत के नॉर्थ ईस्ट राज्य लैंडलॉक्ड उसके पास समुद्र तक पहुंचने का रास्ता नहीं: मो. यूनुस

बीजिंग (ए)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने भारत के सात पूर्वोत्तर राज्य को लैंड लॉक्ड (भूमि से घिरे हुए) बताया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश उस पूरे इलाके के समुद्र का एकमात्र गार्डियन (संरक्षक) है। हमारे बैकयार्ड में समुद्र है।

मोहम्मद यूनुस हाल ही में चीन की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने चीन को बांग्लादेश में निवेश करने का न्योता दिया। यूनुस ने कहा कि भारत के नॉर्थ-ईस्ट राज्य जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है लैंड लॉक्ड हैं। उनके पास समुद्र तक पहुंचने का रास्ता नहीं है। बांग्लादेश उस रीजन में समुद्र का एकमात्र गार्डियन है। इससे निवेश का बड़ा अवसर मिलता है। अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने मोहम्मद यूनुस के इस बयान पर आपत्ति जताते हुए सवाल उठाए हैं।

न्यूज ब्रीफ

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत सामूहिक विवाह में 37 जोड़ों ने लिए सात फेरे

खैरागढ़। जिला गठन के पश्चात पहली बार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर 37 जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा नवविवाहित वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर खैरागढ़ नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर , उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक,जनपद अध्यक्ष खैरागढ़ श्रीमती राजश्री ,खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोधा नीलांबर वर्मा ,सीईओ जिला पंचायत प्रेम पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमन राज, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूजा पींचा, जिला महिला बाल विकास अधिकारी प्रीत राम खुटेल ,परियोजना अधिकारी छुईखदान सुनील बंजारे, परियोजना अधिकारी खैरागढ़ रंजना श्रीवास्तव, समस्त पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हिन्दू नववर्ष पर निकली विशाल शोभायात्रा

थान खम्हरिया। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू वर्ष नगर मे धूमधाम के साथ मनाई गयी,दोपहर बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गयी जिसमे बच्चे,बूढे व महिलाओं सहित युवाओ ने हिस्सा लिया,नागपुर की ढोल-ताषा तो,बैंड की थाप तो कही डीजे की धुन से सभी वर्गदमस्त रहे रात 10 तक चली शोभायात्रा बेमेतरा से शुरूआत होकर मुल्लू चौक,जय स्तंभ चौक,नूरानी चौक,त्रिमूर्ति चौक होकर शारदा चौक होते गौरव पथ से वापस कन्या शाला मे संपन्न हुई जिसे देखने दूर दराज से काफी संख्या मे युवाओ की टोली थान खम्हरिया पहुँची थी वही नागरीक घरो से निकल कर हिन्दू नव वर्ष का अभिवादन किया। चैत्र नवरात्रि के प्रारंभ अवसर पर नगर सहित ग्रामीण अंचलो के सभी देवालयो मे मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित भी की गयी है इस प्रकार नगर मे हिन्दू नव वर्ष बडी धूमधाम से मनाई गयी।

नगर पालिका में पार्षद जानकी ध्रुव बने नेता प्रतिपक्ष निर्मला कुर्रे को मिला उपनेता विपक्ष का पद

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में नेता विपक्ष के रूप में वार्ड क्रमांक 20 के कांग्रेसी पार्षद श्रीमती जानकी ध्रुव एवं उप नेता विपक्ष के रूप में वार्ड 17 के पार्षद श्रीमती निर्मला कुर्रे की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर के द्वारा किया गया है इस नियुक्ति पर उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत सहित कांग्रेसी पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष व उप नेता विपक्ष को बधाई दी है।

छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों ने की सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात

दुर्ग। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारीयो द्वारा दुर्ग सांसद विजय बघेल से उनके निवास पर सौजन्य मुलाक़ात कर संगठन की वर्तमान गतिविधियों तथा मूल उद्देश्यों से अवगत कराया। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रह्मदेव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष संत कुमार केशकर, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, दुर्ग संभाग अध्यक्ष (अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ)भानु प्रताप यादव आदि उपस्थित रहे।

हिन्दू नव वर्ष पर हिन्दू युवा मंच की महिला इकाई आदिशक्ति ने निकाली भव्य मोटर साइकिल रैली

समाज में हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारी महिलाएं आत्मनिर्भर हों और अपनी रक्षा खुद कर सके

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। प्रत्येक वर्ष की तरह, इस वर्ष भी हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर हिन्दू युवा मंच की महिला इकाई आदिशक्ति द्वारा भव्य मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन संगठन प्रमुख गोविन्द राज नायडू के मार्गदर्शन, अध्यक्ष श्रीकुमार नायर के नेतृत्व और संगठन महामंत्री राजेश शर्मा की अनुमति से सम्पन्न हुआ।

रैली का शुभारंभ शहीद चौक दुर्ग में, पूर्व पार्षद अरुण सिंह द्वारा आदिशक्ति कार्यकर्ताओं की आरती कर किया गया। रैली के दौरान ढोल-नगाड़ों और डीजे की ध्वनि के बीच नगर का भ्रमण किया गया और अंत में माँ चंडी मंदिर में माताजी की महाआरती के साथ यह कार्यक्रम समापन हुआ। संगठन प्रमुख गोविन्द राज नायडू ने रैली के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, महिला सशक्तिकरण का मतलब केवल अधिकार देना नहीं, बल्कि महिलाओं को उनकी शक्ति का एहसास कराना है। आज के समाज में हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारी महिलाएं आत्मनिर्भर हों और अपनी रक्षा खुद कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्राचीन भारत में महिलाओं का सम्मान अत्यधिक था और वेदों का ज्ञान भी महिलाओं के पास था। वैदिक युग में महिलाएं सम्मानित स्थान पर थीं और उनका शिक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान था। महिला सशक्तिकरण के लिए समाज और परिवार की सीमाओं से बाहर निकलकर महिलाओं को उनके अधिकारों, विचारों को निर्णयों में स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। इस दिशा में यह मोटरसाइकिल रैली एक छोटी सी पहल है, जो महिलाओं को अपने अधिकारों और शक्तियों का एहसास कराती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल जी शामिल थी। पूनम पैदुमकर, बसंती साहू, रजनी मिश्रा,भाविका देवांगन, सृष्टि देवकर, आभा मूर्ति, दीप्ति देवांगन, कृष्णा, रुचि गुप्ता, अनीता श्रीवास्तव,नीलिमा श्रीवास्तव,सीता साहू, दिलिमा मजूमदार व व्यवस्था के लिए हिन्दू युवा मंच के दिनेश मिश्र, सावन श्रीवास्तव, राजा देवांगन, जय देवांगन, राज गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, नीरज देवांगन, गजेन्द्र, राजकुमार चेलक, सोमेश दास, दिकेश साहू, विकास तांडी व अन्य कार्यकर्ता मौजूदा थे।

दुर्ग निगम एमआईसी के 12 सदस्य आज संभालेंगे पदभार

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। दुर्ग नगर निगम के 12 एमआईसी सदस्य आज 1 अप्रैल को सुबह 11 बजे निगम मुख्यालय स्थित अपने-अपने कक्ष में पदभार ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा विशेष रुप से मौजूद रहेंगे। निगम प्रशासन द्वारा एमआईसी सदस्यों की पदभार ग्रहण करने की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद विकास कार्यों में तेजी आएगी। फलस्वरुप पदभार ग्रहण के अवसर को लेकर भाजपाईयों के अलावा जनता में उत्साह का माहौल है।

महापौर अलका बाघमार ने अपने एमआईसी में नगरी नियोजन व लोक कर्म समिति सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, वित्त लेखा अंकेक्षण समिति सदस्य नरेंद्र बंजारे, सामान्य प्रशासन व विधायी कार्य समिति सदस्य मनीष साहू, जलकार्य समिति सदस्य श्रीमती लीना देवांगन,राजस्व समिति सदस्य चंद्रशेखर चन्द्राकर, अग्निशमन व विद्युत संधारण व यांत्रिकी समिति सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, गरीबी उन्मूलन समाज कल्याण समिति सदस्य शिव नायक, स्वास्थ्य व चिकित्सा समिति सदस्य नीलेश अग्रवाल, शिक्षा खेलकूद एवं युवा कल्याण समिति सदस्य लीलाधर पाल, पर्यावरण व उद्यानिकी समिति सदस्य काशीराम कोसरे, सांस्कृतिक, मनोरंजन व विरा.संरक्षण समिति सदस्य श्रीमती हर्षिका संभव जैन, महिला एवं बाल विकास समिति सदस्य श्रीमती शशि साहू को बनाया है।

चिटफंड कंपनी संचय इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के दो फरार डायरेक्टर भुनेश्वर ओड़िशा से गिरफ्तार

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग के दिशा निर्देश पर थाना मोहन नगर पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। चिटफंड कंपनियों में निवेश किये गये राशि को चिटफंड कंपनी एवं उनके डायरेक्टरो को गिरफ्तार कर उनके चल अचल संपत्ति की कुर्की कर राशि वापस निवेशको को वापस किये जाने हेतु रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग के टेक्निकल सर्विलेंस एवं बैंक एकाउंट की जांच पडताल करने तथा जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग के मार्गदर्शन पर अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर,चिराग जैन नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग, अजय सिंह उप पुलिस अधीक्षक क्राईम के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी शिव प्रसाद चन्द्रा थाना मोहन नगर जिला दुर्ग के नेतृत्व में चिटफंड कंपनी के फरार डायरेक्टरो की गिरफ्तारी एवं उनके चल अचल सर्पत्ति की कुर्की कार्यवाही हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना मोहन नगर के अपराध क्रमांक 318/2017 धारा-420, 34 भादवि, छ.ग. के निक्षेपको के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 एवं 3, 4, 5 धन परिचालन अधिनियम अंतर्गत चिटफंड कंपनी संचय इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के डायरेक्टरो द्वारा जिले के 18 निवेशको से अधिक ब्याज का लालच देकर राशि जमा कराकर लगभग 25,00000 रू. से अधिक राशि धोखाधडी किया गया था। प्रकरण में पूर्व में डायरेक्टर प्रवीण मोहंती एवं अरविन्द मिश्रा को भुनेश्वर उडिसा से गिरफ्तार किया गया था। प्रकरण के 04 आरोपी फरार थे जिनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष रूप से टीम गठीत कर भुनेश्वर उडिसा रवाना किया गया था। उडिसा पहुंचकर पुलिस टीम के द्वारा लगातार 03 दिनो तक फरार डायरेक्टर देवकांत महापात्रा एवं जुगलचरण दास के घर की गोपनीय तरीके से की जा रही थी तथा तकनीकी टीम के द्वारा आरोपियों की लगातार निगरानी कर। आरोपियों को भुनेश्वर उडिसा से पकड़ा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर भुनेश्वर उडिसा से दुर्ग छत्तीसगढ़ लाया गया है।

आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रहीं है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शिव प्रसाद चन्द्रा, उप निरीक्षक पारस सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक चन्द्रशेखर बंजीर, आरक्षक पुष्कर दिवान, आरक्षक विक्रांत, सनत भारती, अमित सिंह एवं बालमुकुंद साहू की सराहनीय भूमिका रही।

5 कुण्डीय 2 दिवसीय गायत्री महायज्ञ का समापन

प्रसाद वितरण के साथ हुआ

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। वेदान्त नगर उमरपोटी में दो दिवसीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 27 व 28 मार्च को की गई थी। इस उत्सव के प्रथम दिन दोपहर को भूमि पूजन का कार्यक्रम मंत्रोच्चार के साथ मुरलीधर अंगारे और श्रीमती सुषमा देवी के द्वारा संपन्न किया गया।

मंगल कलश यात्रा का भ्रमण राजेन्द्र विहार, वेदान्त नगर और नेहरू नगर निवासियों के बीच से 3 से 5 बजे तक संपन्न हुआ। गोधूली बेला में दीप महायज्ञ का आयोजन हजारों दिया को प्रज्जवलित किया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर-6 भिलाई गायत्री मंदिर प्रज्ञा मंडल के वरिष्ठ बबन प्रसाद पासवान व भागवत प्रसाद ठाकुर की टोली द्वारा पूरा किया गया। दीप महायज्ञ, कलश यात्रा स्वागत कार्यक्रम गीत संगीत के साथ टीकम सिंह चंद्राकर व पृथ्वी पाल साहू की टोली द्वारा पूरा हुआ। द्वितीय दिन में डा. कामता साहू, घनश्याम साहू की टोली, रिसाली साधना केन्द्र द्वारा, गायत्री महायज्ञ, विधि विधान और मंत्रोच्चार, भजनों के साथ समापन किया गया। धार्मिक कार्य हेतु मुरलीधर अंगारे परिवार के द्वारा मंदिर निर्माण हेतु 3000 वर्गफूट जमीन दान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष योगेश कुमार साहू उक्त जमीन पर भवन निर्माण हेतु कराने की घोषणा की। यज्ञ में उपस्थित, जनसमुदाय के द्वारा भी दान किए गए। इस महायज्ञ में विभिन्न संस्कार निःशुल्क किया गया। वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्ण कुमार विनोद द्वारा विचार व्यक्त करते हुए व्यकित्व निर्माण हेतु दर्शकों को संबोधित किए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने खुशहाली और स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखे। इस कार्यक्रम की रूपरेखा सत्येन्द्र देवांगन, अकबर कोठारी, देवघर पैकरा, उत्तरा साहू, गंगाबाई कोठारी, गीता सिंग, गीता सूह, दुर्गा पैकरा, कुंजबिहारी और रामकुमार साहू का प्रमुख योगदान रहा। इस महायज्ञ का सफल बनाने हेतु विशिष्ट गायत्री परिवार के कार्यकर्ता घनश्याम साहू, एसपी सिंग, लोकनाथ साहू, धीरजलाल टाक, महिलांग, केआर साहू और उमरपोटी सरपंच विजेन्द्र साहू विघमान थे।

लूट करने वाले तीन नाबालिग पकड़ाए

देर रात स्वीगी में खाने का आर्डर कर डिलीवरी ब्वॉय से किया था लूट, लूटी गई नगदी 1900, आधार कार्ड, स्कूटी प्लेजर जप्त

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। रोशन कुमार निवासी दुर्गा नगर जुनावनी द्वारा थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी स्वीगी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है।28.03.2025 की रात्रि 01.17 बजे घासीदास नगर जामुल का रहने वाला व्यक्ति द्वारा स्वीगी में खाने का आर्डर किया। प्रार्थी आर्डर लेकर घासीदास नगर पहुंचा। उसी समय 05 लड़के आये और हमने आर्डर किया है कहते हुए मो.सा. की चाबी निकाल कर प्रार्थी को हाथ मुक्के से मारपीट कर जेब में रखे 1900 रूपये एवं आधार कार्ड को जबरदस्ती लूट लिये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में शत-प्रतिशत बरामदगी करने तथा बदमाशों के विरूद्ध शख्त कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई)सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल के मार्गदर्शन में जामुल पुलिस द्वारा माल मुल्जिम के पता तलाश में जुट गई। मुखबीर सूचना एवं हुलिया के आधार संदेहियो को पकड़ कर पूछताछ की गई। संदेहियों के द्वारा पहले तो पुलिस को गुमराह करते रहे किन्तु जब हुलिया दिखाकर कर बारिकी से पूछताछ करने पर प्रार्थी के साथ लूट करना स्वीकार किया। तीनो आरोपी विधि से संघर्षरत बालक अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर घटित को अंजाम दिये है। प्रार्थी से लूट की गई नगदी रकम 1900 रूपये, आधार कार्ड एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी प्लेजर तीनो विधि से संघर्षरत बालको से जप्त की गई है। तीनो के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही की गई है।इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, सउनि महफूज खान, आर. चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, जी. सामुएल, रूपनारायण बाजपेयी, चन्द्रभान सिंह, अतुल सिंह यादव का विशेष योगदान रहा।

मोदी की गारंटी पूर्ण नहीं होने से प्रदेश के पंचायत सचिव करेंगे दिल्ली जंतर-मंतर में आंदोलन

समवेत शिखर संवाददाता

पाटन। पंचायत सचिवो की मांग पूरी नही होने के कारण अब प्रदेश के समस्त पँचायत सचिव जंतर मंतर दिल्ली में जाकर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। शासन की चेतावनी का हड़ताली पँचायत सचिवों पर कोई असर नही हो रहा है। बल्कि प्रदेश सचिव संघ की बैठक करके आंदोलन को गति देने आगामी रणनीति तैयार की है।

प्रदेश पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष दुर्ग महेन्द्र कुमार साहू, प्रदेश महामंत्री यशवंत आडिल, जिला सचिव शेषनारायण चन्द्रवंशी, ब्लाक अध्यक्ष निमेष भोयर,प्रदीप चन्द्राकर, नरेश साहू का कहना है, विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-2024 में हुए चुनाव में भाजपा के जन घोषणा पत्र व मोदी की गारंटी में पँचायत सचिवो की मांग शासकीयकरण को 100 दिवस के भीतर लागू करने का वादा किया गया है व पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। पंचायत सचिव विगत 30 वर्षों से पंचायतों में सेवारत है व 29 विभाग के 200 प्रकार के योजनाओं को जन मानस व पात्र ब्यक्तियों तक पहुंचा रहे हैं। गारंटी को पूर्ण कराने के सम्बंध में 07 जुलाई 2024 को रायपुर इनडोर स्टेडियम के सभागार में शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुए शीघ्र ही शासकीयकरण का भरोषा देते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तत्काल कमेटी का गठन करने की घोषणा करके शासकीयकरण करने का भरोषा दिलाया गया। मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पँचायत एवम ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के सम्बंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है जिसपर पँचायत सचिवो को पूर्ण आशा और विश्वास था कि बजट सत्र में शासकीयकरण का सौगात प्रदान किया जाएगा एवम बजट सत्र में नही आने और इस विषय पर सरकार द्वारा किसी भी प्रकार से पहल नही करने से प्रदेश पँचायत सचिव क्षुब्ध एवम आक्रोशित है, इसलिए प्रदेश के समस्त पँचायत सचिव 17 मार्च 2024 के विधानसभा घेराव के साथ अनिश्चित कालीन आंदोलन पर है जिसपर शासन प्रशासन द्वारा हड़ताल अवधि के मध्य पँचायत सचिवों को पुनः छले जाने का प्रयास करते हुए पुनः समिति का गठन कर दिया गया है जिसमे समय सीमा का कोई जिक्र भी नही किया गया है जिससे पंचायत सचिव असंतुष्ट व आक्रोशित है। प्रदेश पँचायत सचिव संघ ने आगे की रणनीति तैयार किया गया जिसका निर्णय इस प्रकार से हैः- (1) प्रदेश पंचायत सचिव संघ की निर्धारित रूपरेखा आधार पर 17 मार्च से आंदोलन निरन्तर जारी रहेगा। (2) 2 अप्रैल2025 से सभी ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। (3) 7 अप्रैल 2025को जिला मुख्यालय में रैली ज्ञापन (4) 8अप्रैल को ब्लॉक मुख्यालय में नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन (5) 9 अप्रैल को ब्लॉक मुख्यालय धरना स्थल पर सद्बुद्धि हेतु रामायण (6)10 अपैल को महावीर जयंती हड़ताल स्थल में मानना (7) 11 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल (8) 12अप्रैल हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा पाठ (9) 13 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल जारी रहेगा (10) 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयन्ती हड़ताल स्थल पर (11)15 अप्रैल को क्रमिक हड़ताल के साथ सद्बुद्धि यज्ञ (12) 20 अप्रेल को दिल्ली रवाना एवं 21अप्रेल को जंतर मंतर दिल्ली में अनिश्चित कालीन हड़ताल प्रारम्भ।

ईद पर मुस्लिम भाइयों ने अदा की विशेष नमाज, जनप्रतिनिधियों ने दी मुबारकबाद

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। दुर्ग-भिलाई में गुरुवार को ईद-उल-फित्तर की खुशियां बिखरी। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह मैदान और मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा की। तत्पश्चात मुस्लिमों भाईयों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

मुस्लिम भाइयों को बधाई देने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, शहर जिला मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलताफ अहमद, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि ईदगाह मैदान गंजपारा पहुंचे। यहां उन्होने मुस्लिम भाईयों से मुलाकात कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। दुर्ग के ईदगाह मैदान गंजपारा, जामा मस्जिद मोतीपारा, तकियापारा मैदान, केलाबाड़ी मस्जिद, रायपुरनाका मस्जिद,भिलाई के सेक्टर-6 स्थित जामा मस्जिद के अलावा दुर्ग-भिलाई के अन्य मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज पढ़ी गई।

इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में जुटे। ईद पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अय्युब खान, तकियापारा वार्ड के युवा पार्षद अब्दुल खालिक, दुर्ग नगर निगम के पूर्व स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर, पूर्व पीडब्ल्यूडी प्रभारी अब्दुल गनी, समाजसेवी शेख रज्जाक, दुर्ग जिला थोक फल व सब्जी विक्रेता व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष युसुफ भाई खोखर, पूर्व अध्यक्ष नासिर खोखर के अलावा अन्य लोगों ने मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारकबाद दी है।

ईद-उल-फितर पर निकला जुलूस मोहम्मदी

दुर्ग। ईद-उल-फितर के मौके पर संजरी मस्जिद जयंती नगर द्वारा जुलूस मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व मौलाना शफिक आलम इमाम साहब ने किया। इस अवसर पर मस्जिद के इंचार्ज आरिफ खान, मौलाना फैजान रजा, मस्जिद के अध्यक्ष हाजी इसराईल शाद, रोशन बेग, शेख अतीक,हाजी जाकिर हुसैन, शाकिर भाई, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कौसर खान के अलावा बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।

जरूरतमंदों को मोहब्बत के राशन किट बांटकर अय्यूब खान ने दिया मानव सेवा का बड़ा संदेश

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अय्यूब खान ने रमजान के पवित्र पूरे महीनेभर जरुरतमंदों को जरुरी खाद्य सामग्री बांटकर मानवसेवा की बड़ी मिशाल पेश की है। अय्यूब ने रमजान महीने के शुरुआत से ईद त्योहार के दिन तक दुर्ग-भिलाई के सभी धर्मों के जरूरतमंद लोगों के लिए मोहब्बत राशन का किट बनाया और उसका उत्साह के साथ वितरण किया है। मोहब्बत के राशन किट में सेवई, शरबत, खजुर, शक्कर, चावल, नमक, आटा, तेल, चायपत्ती, गर्म मसाले आदि सामग्री शामिल है।

कांग्रेस नेता अय्यूब खान ने बताया कि रमजान का महीना पवित्र होता है, इस महीने में किए गए नेक कार्य का फल सत्तर गुना मिलता है। इस नेक कार्य के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों के मदद करने का संदेश होता है। ईद का त्योहार खुशियों,एकता भाईचारा ,अमीर गरीब सबको एक करने का का संदेश देने वाला त्यौहार है। जिसमें यह कोशिश रहती है कि ईद के दिन कोई भी भूखा प्यासा ना रहे। ऐसे जरुरतमंदों के लिए यह मोहब्बत राशन किट मेरी छोटी सी कोशिश है। ईद पर जरुरतमंदो के चेहरों पर खुशियां देखने से मेरा जीवन सार्थक हो गया है।

ईद-उल-फितर पर ईदगाह में पढ़ी गई विशेष नमाज

समवेत शिखर संवाददाता

थान खम्हरिया। नगर के मुस्लिम समुदाय ने ईस्लाम के पवित्र माह रमजान के अवसान पश्चात ईद की चांद की तसदीक होते ही ईद की खूशी पूरे मोहल्ले मे दिखने लगी और आज सुबह 8:30 बजे पूरे सद्भावना के साथ रंग बिरंगे पोशाको मे थान खम्हरिया के मुस्लिम समुदाय के लोगो विशेष ने ईदगाह पहुँच कर दो रकाअत विशेष नमाज अदा किये।

पटना बिहार से पधारे सैय्यद मुसीर रजा खान साहब ने नमाज पढाई।इस अवसर पर उन्होने अपने तकलीर मे बयान करते हुए कहा कि ईद का मतलब बार बार लौट कर आने का नाम है ईद खुशी,सौहार्द्र और बरक्कत लेकर आती है जिसका हम सबको सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बेशक नमाज बेहाई और बुराई को रोकती है और हर नेकी का फल आखरत मे मिलती है,रोजा,नमाज,जकाअत,सदका व फित्तरा एक नेकी का शबब है जो जितना करेगा उसको उतना मिलेगा,सैय्यद मुसीर रजा ने कहा कि जो जो जैसा करेगा वैसा ही फल की प्राप्ति होगी अच्छा करने वालो को अच्छा तथा बूरे कर्म करने वालो का फल बूरा ही होगा उन्होंने अपने पैगाम मे कहा कि खुदा सदका,खैरात को बढाता बरक्कत देता है ईस्दिम धर्म मे जो फर्ज करार किया है उस पर अमल करने की जरूरत है अल्लाह का ज्यादा से ज्यादा तारीफकरे और जो जिन्दगी मे मिला उसका शुक्रिया अदा किया जाय।दो रकाअत विशेष नमाज के बाद हाफीज साहब ने नगर सहित प्रदेश व देश मे अमन,चैन व सौहार्द्र के लिए दुआएं मागी।ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद घर लौटकर सभी ने ईद का विशेष व्यंजन सेवाई का लुत्फ उठाया।

ईद के मौके नागरीको ने मुस्लिमों से मिल तथा सोशल मिडिया के माध्यम से दिनभर बधाई देने का सिलसिला चलता रह।इस प्रकार नगर मे ईद-उल-फित्तर बडे सद्भावना,बाईचारा व उल्लास के साथ मनाई गयी,ईदगाह मे नमाज के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कूमार झा तथा थाना प्रभारी राजकुमार साहू दल बल के साथ मोजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

छग स्वप्नदृष्टा स्व. बिसाहू दास महंत की जयंती पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने स्मरण कर दी श्रद्धांजलि

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पिता स्व.बिसाहू दास महंत जी की

जयंती के अवसर पर स्मरण कर विनम्र श्रद्धांजलि की अर्पित। डॉ. महंत ने कहा कि, पिता स्व. श्री बिसाहू दास महंत जी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन के चलते समाज सेवा, जनसेवा के कार्य करने का हरसंभव प्रयास करता हूँ, और नाम के अनुरूप चरणों का दास बने रहने के कार्य करता हूँ। बता दें बिसाहू दास महंत मध्य प्रदेश के लिए एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। वे मध्यप्रदेश की प्रथम कैबिनेट के मंत्री रहे हैं, वह राज्य में कांग्रेस द्वारा निर्मित सबसे सफल विधायक थे, और उन्होंने बाराद्वार का प्रतिनिधित्व किया, कोषा को व्यापार और राष्ट्रीय पटल के साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान दिलाने का कार्य किया। स्व. महंत जीवनभर जनसेवा से जुड़े रहे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ ही उनकी छवि एक सफल राजनेता की रही है। वे अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक तथा मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए समर्पित रहे। उन्होंने क्षेत्र में खेती-किसानी, सिंचाई तथा सड़कों के निर्माण से लोगों की बेहतरी के लिए काम किया। जिसे आज सरकार राज्य के श्रेष्ठ बुनकरों को हर साल पुरस्कृत करती है। यह सम्मान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिसाहू दास महंत की स्मृति में दिया जाता है।

ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा ग्राम पंचायत भवन गुमा में आज से राजयोग अनुभूति शिविर

रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत भवन गुमा में 1 से 8 अप्रैल तक समस्या रहित जीवन जीने की कला-राजयोग अनुभूति शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का समय रोजाना शाम को 5.30 से 7 बजे रखा गया है। प्रवेश निःशुल्क रहेगा। ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिविर में भाग लेने वालों के लिए स्थल पर ही पंजीयन की व्यवस्था की गई है। शिविर मे आत्मानुभूति, परमात्मानुभूति, कर्मों की गहन गति, भारत के उत्थान और पतन की कहानी, राजयोग अनुभूति और समय की पहचान आदि विषयों पर विदुषी ब्रह्माकुमारी बहनों के व्याख्यान होंगे। इस शिविर में गीता में वर्णित भारत के प्राचीन राजयोग का गहन अभ्यास कराया जाएगा जो कि शरीर के अनेक घातक रोगों जैसे हृदयरोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन आदि के निवारण में बहुत ही लाभदायक सिद्ध हुआ है। सभी योगों में श्रेष्ठ होने के कारण इसे राजयोग कहा गया है तथा सहज होने के कारण समाज के हर वर्ग में यह योग तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है। आजकल जीवन के हर क्षेत्र में जिस तरह से नित नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, उसके परिणाम स्वरूप तनावजन्य परिस्थितियॉ भी बढ़ती जा रही हैं। ऐसे वातावरण में कार्य करते हुए शान्ति की गहन अनुभूति करने, कर्मों में कुशलता लाने तथा मानसिक तनाव से मुक्ति प्राप्त कर सन्तुलित जीवन जीने की कला सीखने के लिए राजयोग का अभ्यास सभी के लिए बहुत लाभकारी है।

संजय तिवारी बने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति

रायपुर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री रमेन डेका ने डॉ. संजय तिवारी को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग का कुलपति नियुक्त किया है। वर्तमान समय में श्री तिवारी, मध्यप्रदेश भोज (ओपन) विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति है। डॉ. तिवारी का कार्यकाल, उपलब्धियां तथा सेवा शर्ते विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होंगी। उनकी नियुक्ति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 (क्रमांक 22 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है।

कटोरा तालाब में करीब दो हफ्ते से गड्ढा कर छोड़ दिया गया, राहगीरों को हो रही परेशानी

रायपुर। शहर की व्यस्त सड़कों में एक कटोरा तालाब की सड़क पर करीब दो हफ्ते से गड्ढा कर छोड़ दिया गया है। गड्ढे की वजह से लोग गिर रहे थे इस वजह से आसपास के लोगों ने वहां गिट्टी भर दी। लेकिन अब यही गिट्टी सड़क पर फैल गई है। इस वजह से हादसों की संभावना और बढ़ गई है। लोगों की खासतौर पर युवाओं की गाड़ियां गिट्टी की वजह से फिसल रही है। लोगों को हादसों से बचाने अब वहां एक बोर्ड लगा दिया गया है। कटोरा तालाब से बूढ़ी माई चौक में बने इस गड्ढे की वजह से वहां से गुजरने वाले लोग रोजाना परेशान हो रहे हैं। हैरानी की बात है कि करीब दो हफ्ते से मुख्य सड़क की यही स्थिति है। इसके बावजूद इसे अब तक ठीक नहीं किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी नया रायपुर को ऐतिहासिक रेल कनेक्टिविटी की सौगात

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ का नया रायपुर, जो अब तक स्मार्ट सिटी के रूप में पहचाना जाता था, आज एक नए अध्याय में प्रवेश कर चुका है -स्मार्टली कनेक्टेड सिटी के रूप में।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 30 मार्च को बिलासपुर के मोहभट्ठा ग्राम में आयोजित आमसभा और लोकार्पण शिलान्यास समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ कर नया रायपुर को भारतीय रेल नेटवर्क से सीधे जोड़ने की ऐतिहासिक शुरुआत की।

इस नई मेमू सेवा के शुरू होने से अब रायपुर रेलवे स्टेशन से मंदिरहसौद, सीबीडी, केंद्री होते हुए नया रायपुर तक की यात्रा सीधी, सहज और मात्र 10 रुपये में संभव हो गई है। राज्य सचिवालय, मंत्रालय, आवासीय क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत हजारों कर्मचारी, विद्यार्थी और आमजन इससे लाभान्वित होंगे। रेल सेवा की शुरुआत से अब रायपुर रेलवे स्टेशन से मंदिर हसौद, सीबीडी, केंद्री होते हुए नया रायपुर तक यात्रियों के लिए सीधी और किफायती ट्रेन सुविधा उपलब्ध होगी। इसका सीधा लाभ नया रायपुर के मंत्रालय, सचिवालय, आवासीय क्षेत्रों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को मिलेगा । यह सेवा नया रायपुर को रायपुर शहर और क्षेत्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर है। यह न केवल यात्रियों के समय और धन की बचत करेगा, बल्कि नया रायपुर को आवागमन, निवेश और आवासीय विकास की दृष्टि से नई उड़ान देगा।

मेमू ट्रेन सेवा की प्रमुख विशेषताएं: अत्याधुनिक थ्री-फेज़ मेमू ट्रेन ङ्क उच्च गति, ऊर्जा दक्षता और आरामदायक यात्रा अनुभव। **स्टॉपेज:** रायपुर, मंदिर हसौद, नया रायपुर सीबीडी, केंद्री और अभनपुर। **विशेषता:** कुशन वाली सीटें, बड़ी खिड़कियाँ, मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, जीपीएस-आधारित स्टेशन डिस्प्ले, सीसीटीवी निगरानी, बायो-टॉयलेट्स। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की 4 पूर्ण रेल परियोजनाओं (कुल लागत: ?2,695 करोड़) को राष्ट्र को समर्पित किया और 7 नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जो आने वाले समय में राज्य के रेल नेटवर्क को और सशक्त बनाएँगी।

सेजबहार कालोनी में पानी के लिए किया चक्काजाम

समिति पर पैसा लेकर जमा नहीं करने का आरोप

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार में पिछले तीन दिनों से नल में पानी नहीं आ रहा है। इसके कारण लोग परेशान हैं। नाराज लोगों ने चक्काजाम कर दिया। इस दौरान जनकल्याण समिति और हाउसिंग बोर्ड के खिलाफजमकर नारेबाजी भी हुई। लगभग तीन घंटे तक लोग सड़क पर ही बैठे रहे और प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान जनकल्याण समिति के पदाधिकारी बाहर आने से बचते रहे। मामला कलेक्टर तक पहुंचा। कलेक्टर के निर्देश के बाद ही बिजली विभाग के अफसरों ने पानी टंकी के बिजली कनेक्शन को जोड़ा। दरअसल, हाउसिंग बोर्ड द्वारा जनकल्याण समिति को कॉलोनी का ठेका दिया गया है। लोगों का कहना है कि समिति द्वारा पैसे तो लिए जा रहे हैं लेकिन बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके कारण बोर पर लगा बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। इसके कारण पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही थी। रविवार को लोगों का आक्रोश बढ़ गया और सड़क पर उतर आए। बताया गया है कि जनकल्याण समिति ने लगभग एक करोड़ रुपए का बिजली बिल नहीं पटाया है।

अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दिव्यांगों को पुलिस ने उठाया, मरीन ड्राइव से तूता धरना स्थल किया शिफ्ट

26 मार्च को तमाम दिव्यांग मरीन ड्राइव से जय स्तंभ चौक तक पैदल मार्च निकालने के लिए एकत्रित हुए थे

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। मरीन ड्राइव पर अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दिव्यांगजनों को पुलिस ने उठाया। प्रदेशभर से जुटे इन 60-70 दिव्यांगजनों को पुलिस ने तूता धरना स्थल शिफ्ट किया है। अपनी छह सूत्रीय मांगों के प्रति शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए 26 मार्च को तमाम दिव्यांग मरीन ड्राइव से जय स्तंभ चौक तक पैदल मार्च निकालने के लिए एकत्रित हुए थे। पुलिस के रोके जाने के बाद से स्थल पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। रविवार को इन दिव्यांगों ने अर्धनग्न प्रदर्शन भी किया था। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव लोकेश वशिष्ठ भी शामिल हुए थे।

दिव्यांगजनों की छह सूत्रीय मांग

- सभी जगह पर काम करने वाले फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांग जनों का राज्य मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण कराकर फर्जी दिव्यांग शासकीय कर्मियों को बर्खास्त किया जाए।
- दिव्यांगजनों को प्रतिमाह 5 हजार रुपए मासिक पेंशन दिया जाए। बीपीएल की बाध्यता को खत्म किया जाए।
- 18 वर्ष से अधिक के अविवाहित दिव्यांग युवती को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाए।
- दिव्यांगजन विशेष भर्ती अभियान चलाकर अति शीघ्र शासकीय पद निकलते हुए विज्ञापन जारी किया जाए।
- शासकीय दिव्यांग कर्मियों को पदोन्नति में चार प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।
- बेरोजगार दिव्यांगों को बिना गारंटर लोन दिलाया जाए। कोरोना के पूर्व दिए गए सभी लोन माफ किया जाए।

राज्यपाल से आईएमए की नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी एवं कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि आईएमए द्वारा सिकलसेल के हाईरिस्क वाले मरीजों के चिन्हांकन, आदिवासी समुदाय में हृदय एवं लीवर से संबंधित बीमारियों पर शोध एवं उचित इलाज की योजना बनाई गई है। इसके लिए आईएमए आवश्यक चिकित्सा संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। राज्यपाल श्री डेका ने उनकी योजना की सराहना की और कहा कि वे इन कार्यों के लिए हर संभव मदद करेंगे। रायपुर में प्रस्तावित आईएमए टॉवर के भूमिपूजन कार्यक्रम में आईएमए के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल को आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर आईएमए के पदाधिकारी डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. सुरेंद्र शुक्ला व डॉ. केतन शाह भी उपस्थित थे।

राज्यपाल डेका से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों ने आज राजभवन में सौजन्य भेंट की। इन अधिकारियों में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के उप-सचिव श्री अश्वनी देवांगन (वर्ष 2018 बैच), नगरीय प्रशासन व विकास विभाग की उप-सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव (वर्ष 2019 बैच) एवं कोरबा नगर निगम के आयुक्त श्री आशुतोष पांडेय (वर्ष 2019 बैच) शामिल थे।

भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षी करे पुकार श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में दाना फीडर व सकोरा वितरण

पार्षद अंजली जितेन्द्र गोलछा ने दाना फीडर व सकोरा वितरण किया

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। मौसम वैज्ञानिकों ने इस वर्ष भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। अतः हमें मूक पशु पक्षियों की चिंता करनी चाहिए । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में आज पार्षद श्रीमती अंजली जितेन्द्र गोलछा ने वार्डवासियों को दाना फीडर व सकोरे का वितरण किया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि भीषण गर्मी का प्रहार बेजुबान पक्षी करे पुकार श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में दाना फीडर व सकोरा वितरण की बहार है । बढ़ती गर्मी को देखते हुए गुजरात से बेस्ट क्वालिटी के 200 दाना फीडर व सकोरे मँगवाए गए हैं तथा भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर जियो और जीने दो पखवाड़े में इसका वितरण सतत जारी है । ट्रस्टी टीकम जैन व निकेश बरड़िया ने बताया कि भगवान महावीर का शुभ संदेश जियो और जीने दो है, मानव सेवा प्रकल्प के अंतर्गत हाथ पैर कटे दिव्यांगों का परीक्षण कर पैर कटे भाई बहनों को जयपुर पैर विनय मित्र मण्डल के सहयोग से प्रदान किये जावेंगे।

धान खरीदी में भ्रष्टाचार हुआ उत्पादन से ज्यादा की खरीदी कैसे हो गई: बैज

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार इस वर्ष 40 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान को खुले बाजार में बेचने जा रही है। लगभग इतना ही धान उत्पादन से अधिक है जिसे सरकार ने खरीदा है। मतलब किसानों के पैदा किये धान से 44 लाख मीट्रिक टन धान अधिक खरीदा गया जिसे खुले बाजार में बेचना पड़ रहा है। यह राज्य के खजाने पर डकैती है तथा संगठित भ्रष्टाचार है। प्रदेश में किसानों से धान खरीदी के नाम से भाजपा सरकार ने 13,000 करोड़ से अधिक की गड़बड़ियां घोटाला किया है, जिसका भांडा रोज फूट रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार ने सदन में प्रदेश में 110 लाख मैट्रिक टन धान उत्पादित होने का आंकड़ा दिया है। सरकार ने इस वर्ष जो धान खरीदी किया है वह 154 लाख मैट्रिक टन से अधिक हैं। जब प्रदेश में इतना धान उत्पादित नहीं हुआ है, जितना खरीदी बताया जा रहा है तो सरकार को जवाब देना चाहिए की 110 लाख मीट्रिक टन से ऊपर की जो 44 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है वह धान कहां से आया है? पिछले वर्ष भी सरकार ने उत्पादन से लगभग 10 लाख मीट्रिक टन धान अधिक खरीदा था, विधानसभा में सरकार ने बताया था कि पिछले वर्ष धान का उत्पादन 100.3 लाख मीट्रिक टन हुआ था तथा सरकार ने 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का दावा किया था जब उत्पादन कम था तो खरीदी ज्यादा कैसे हो सकती है?

मोदी झूठ बोल कर गये नक्सलवाद की पोषक तो भाजपा की नीतियां है: शुक्ला

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नक्सलवाद पर दिये गये बयान का कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नक्सलवाद पर भाषण देने के पहले प्रधानमंत्री को अध्ययन करना चाहिये था छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद भाजपा के रमन सरकार के समय पूरे प्रदेश फैला जब राज्य में 2003 में भाजपा की सरकार बनी तब नक्सलवाद बस्तर के 3 ब्लॉकों तक ही सीमित था। रमन राज के 15 सालों में नक्सलवाद बस्तर के तीन ब्लॉकों से निकलकर 14 जिलों तक पहुंच गया। इन 15 सालों के अंत के 4 साल तक केंद्र में नरेन्द्र मोदी की भी सरकार बन चुकी थी।सप्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रमन राज की इन दुर्दांत नक्सल हमलों का भी जवाब देना चाहिये, भाजपा राज में 6 अप्रैल 2010 में जिला दंतेवाड़ा के ताड़मेटला में 76 सीआरपीएफ जवान, 24 अप्रैल 2017 में जिला सुकमा के दुर्गापाल 25 सीआरपीएफ जवान शहीद, 25 मई 2013 दरभा के जीरम, जिला बस्तर में महेन्द्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल सहित 30 लोग शहीद, 29 जून 2010 धोडाई जिला नारायणपुर 27 पुलिस जवान शहीद, 17 मई 2010 दंतेवाड़ा यात्री बस में 36 लोग शहीद (12 विशेष पुलिस अधिकारी सहित), 12 जुलाई 2009 मदनवाडा एसपी चौबे सहित 29 पुलिसकर्मी शहीद, 09 जुलाई 2007 उपलमेटा एर्राबोर 23 पुलिस कर्मी शहीद, 15 मार्च 2007 रानीबोदली बीजापुर 55 जवान शहीद हुये थे।

राजधानी में मुस्लिम समाज ने नमाज अदा कर मांगी अमन-भाईचारे की दुआ

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में ईद धूमधाम से मनाई गई। सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को त्योहार की मुबारकबाद दी।

बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह दिखा। नए कपड़े पहनकर बच्चे भी बड़े-बुजुर्गों के साथ ईद की नमाज पढ़ते नजर आए। सभी लोगों ने सामूहिक रूप से देश में शांति, सुकून और भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी।

रायपुर में ईदगाह भाठा समेत तमाम मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की खास नमाज अदा की।

तीस दिन के कठिन रोजे के बाद ईद के दिन लोगों ने नमाज अदाकर प्रदेश की खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी।

बीजेपी के नेताओं ने दी ईद की मुबारकबाद

इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों को वहां मौजूद बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं ने ईद की मुबारकबाद दी। बीजेपी नेताओं ने मुस्लिम समाज के लोगों को गले लगाकर बधाई दी।

30 दिनों के रोजे के बाद मनाते हैं ईद

रमजान के महीने में 30 दिन के रोजे के दौरान सूर्य उदय के पहले सहरी और सूर्यास्त से पहले इफ्तार होता है। इस बीच रोजेदार बिना कुछ खाए पिए रहते हैं। रोजे के दौरान नमाज अदा कर और कुरान पढ़कर रोजेदार इबादत करते हैं। इस पाक महीने में फित्रा, जकात देकर गरीबों की मदद का रिवाज है। मुस्लिम धर्मावलंबी अपनी कमाई का ढाई फीसदी धन दान करते हैं। ईद के दिन सभी के घरों में शाही भोजन और सेवइयां बनाई जाती है। इसके बाद एक-दूसरे के घर जाकर मुंहमीठा कराया जाता है।

गर्मी के चलते स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव, सुबह 7 से 11 और 11 से 3 बजे तक दो पाली में होगी पढ़ाई

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकारी और प्राइवेट स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर ने नया शेड्यूल जारी किया है, जो 2 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगा।

जारी आदेश के मुताबिक, सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूल सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे। वहीं, जहां दो पालियों में चलने वाले प्राथमिक स्कूल और पूर्व माध्यमिक की कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक। हायर सेकेंडरी की कक्षाएं सुबह 11 से 3 बजे तक चलेंगी।

गर्मी बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया है। जिससे बच्चों को दोपहर की तेज धूप से बचाया जा सके। हालांकि, शिक्षा संबंधित कार्यालयों का समय पहले की ही तरह रहेगा। शिक्षा विभाग के इस फैसले से हजारों छात्रों को राहत मिलेगी। क्योंकि इससे बच्चों को लू और गर्मी से बचाव होगा।

रायपुर जिला सबसे गर्म : प्रदेश में इस समय रायपुर शहर सबसे ज्यादा गर्म हैं। यहां तापमान 40 डिग्री पार हो गया है। सोमवार को राजधानी में टेम्प्रेचर 40.3 डिग्री रहा। इसी तरह बिलासपुर, रायगढ़, सुकमा और दंतेवाड़ा में भी तापमान 40 के करीब ही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, 5 अप्रैल के बाद तापमान और बढ़ सकता है। ऐसे में दोपहर को स्कूल लगने से स्कूली छात्रों को परेशानी हो सकती थी। इसलिए शिक्षा विभाग ने 30 अप्रैल तक के लिए टाइमिंग बदल दी है।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

संपादकीय

बाहरी जोखिम

समाप्त हो रहे वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि सामान्य स्तर पर लौटती नजर आ रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के दूसरे अग्रिम अनुमानों के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 6.5 फीसदी की दर से वृद्धि हासिल कर पाई है जबकि पिछले वर्ष यह 9.2 फीसदी थी। वित्त वर्ष 22 और वित्त वर्ष 24 के बीच औसत वृद्धि दर 8.8 फीसदी थी। इसमें आंशिक योगदान महामारी वाले वर्ष के कम आधार का भी था। वित्त वर्ष 13 से वित्त वर्ष 20 के बीच औसत वृद्धि दर 6.6 फीसदी थी। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि कई लोगों ने अनुमान जताया था कि वृद्धि दर इस सप्ताह शुरू हो रहे वित्त वर्ष 26 में करीब 6.5 फीसदी रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी 6.7 फीसदी वृद्धि दर का अनुमान जताया है।

उम्मीद है कि वित्त वर्ष 26 में वृद्धि दर दीर्घावधि के औसत के करीब रहेगी, वर्ष की शुरुआत बाहरी मोर्चे पर जबरदस्त अनिश्चितता के बीच हो रही है। भारत और अमेरिका के बीच चार दिवसीय वार्ता में यह सहमति बनी है कि प्रस्तावित द्विपक्षीय समझौते को लेकर आगे क्या कदम उठाने हैं। आने वाले सप्ताहों में क्षेत्रवार संबद्धता की शुरुआत होने की उम्मीद है। हालांकि यह एक सकारात्मक बदलाव है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह आगामी दो अप्रैल से अमेरिका की ओर से प्रस्तावित बराबरी के शुल्क की कार्रवाई को रोकने के लिए पर्याप्त होगा या नहीं। चूंकि बराबरी के शुल्क के विचार को लागू करना अत्यधिक जटिल है इसलिए शायद इसकी शुरुआत चुनिंदा क्षेत्रों के साथ की जाए। बहरहाल, अमेरिकी व्यापार नीति अभी भी अनिश्चितता की बड़ी वजह है। अमेरिकी व्यापार नीति में संरक्षणवादी रुख अपनाए जाने और उसके व्यापारिक साझेदारों की ओर से संभावित प्रतिक्रियाएं न केवल व्यापार को प्रभावित करेंगी बल्कि विश्व स्तर पर निवेश और खपत मांग पर असर डालेंगी। इससे समग्र वैश्विक वृद्धि प्रभावित होगी।

देश विशेष को ध्यान में रखने वाले संभावित टैरिफ से इतर वैश्विक व्यापारिक तनाव तथा आर्थिक गतिविधियों पर उसका प्रभाव भी भारत के आर्थिक परिणामों को प्रभावित करेगा। बहरहाल, मौजूदा अनिश्चित माहौल में भारत के नीति निर्माताओं को इस तथ्य से राहत मिलेगी कि फिलहाल वृहद स्थिरता को अधिक जोखिम नहीं हैं। सरकार से उम्मीद है कि वह राजकोषीय समेकन के पथ पर बनी रहेगी और वित्त वर्ष 26 में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 4.4 फीसदी पर सीमित रखेगी। खुदरा महंगाई में भी कमी आने की उम्मीद है जिससे मौद्रिक नीति समिति की ओर से और अधिक मौद्रिक सहजता की आशा है। बाहरी मोर्चे पर जहां चालू खाते का घाटा कम बना रहने की उम्मीद है वहीं निवेश से जुड़ी अनिश्चितताएं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश की आवक पर असर डाल सकती हैं जो मुद्रा को प्रभावित करेगा। अमेरिका में संभावित उच्च मुद्रास्फीति नीतिगत ब्याज दरों को प्रभावित कर सकती है और इसका असर वैश्विक पूंजी प्रवाह पर पड़ सकता है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने वित्त वर्ष 25 में केवल 2.7 अरब डॉलर मूल्य के शेयर और बॉन्ड खरीदे हैं जबकि पिछले वर्ष यह राशि 41 अरब डॉलर की थी।

संघ मुख्यालय के साथ ही दीक्षाभूमि का दौरा कर मोदी ने गजब का राजनीतिक संतुलन साधा है

■ नीरज कुमार दुबे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर यात्रा के दौरान आरएसएस मुख्यालय स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर नया इतिहास रच दिया क्योंकि संघ के 100 वर्षों के इतिहास में दूसरी बार देश का कोई प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुँचा था। हम आपको याद दिला दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान नागपुर में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। संयोग देखिये कि मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान ही संघ मुख्यालय पहुँचे। मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने आरएसएस के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। वैसे कुल मिलाकर मोदी की इस यात्रा को भाजपा और आरएसएस द्वारा आपसी मतभेद दूर करने और एकजुट होने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा उस समय से आगे बढ़ चुकी है जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह ÷सक्षम÷ है तथा अपने काम खुद करती है। नड्डा की इस टिप्पणी से संघ कार्यकर्ताओं में रोष उत्पन्न हो गया था और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और आरएसएस के बीच दूरी देखी गयी थी जिसका नुकसान भाजपा को लोकसभा में बहुमत गंवा कर उठाना पड़ा था।

हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। वैसे जानकारों का यह भी कहना है कि संघ को मुख्य आपत्ति इस बात पर थी कि भाजपा एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बनती जा रही है। हम आपको याद दिला दें कि साल 2014 के बाद %%मोदी ब्रांड राजनीति÷ के तहत भाजपा सारे चुनाव लड़ती रही है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा ने अन्य नेताओं को भी आगे बढ़ाया है और आने वाले समय में दूसरी पंक्ति के कई और नेताओं को बड़ी भूमिकाएं मिलने जा रही हैं। वैसे, आरएसएस के शताब्दी समारोह और बेंगलुरु में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री की नागपुर यात्रा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा जल्द ही अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाली है। हालांकि हाल ही में संघ की ओर से स्पष्ट किया गया था कि उसके सभी आनुषांगिक संगठन अपने कार्यों के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि साल 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार के बाद मोहन भागवत के हस्तक्षेप के बाद ही लालकृष्ण आडवाणी युग समाप्त हुआ था और मोदी आगे लाये गये थे। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी की सीधी आलोचना के रूप में भी देखा गया था। इसलिए ऐसा हो नहीं सकता कि भाजपा अपने नये अध्यक्ष के नाम पर बिना संघ प्रमुख से चर्चा किये बिना फैसला कर ले।

हम आपको यह भी बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व में सावधानी बरतते हुए सरकार और संघ के बीच अंतर सुनिश्चित किया लेकिन मोदी चूंकि खुद संघ के प्रचारक रहे हैं इसलिए वह संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी आरएसएस को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने ÷समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा÷। साथ ही उन्होंने संघ की ÷राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका को रेखांकित करके अपनी ÷2047 तक विकसित भारत की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में ÷महत्वपूर्ण भूमिका÷ निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था। यही नहीं, जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता गठबंधन सरकार होने के बावजूद अपने मूल एजेंडे में शामिल मुद्दों पर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं वह इस बात का संकेतक है कि आरएसएस के कुछ मुख्य एजेंडे भाजपा की राजनीति में फिर से सबसे आगे आ रहे हैं। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ मुख्यालय के दौरे के साथ ही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक दीक्षाभूमि का भी दौरा कर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में दिये गये अपने संबोधन में भी बाबा साहेब को याद किया और भारतीय संविधान की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही वह दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मोदी दीक्षाभूमि स्थित स्तूप के भीतर गए और वहां रखी आंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने जहां आरएसएस को भारत की अमर संस्कृति का 'वट वृक्ष' बताया वहीं उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

प्रेरक प्रसंग

अवसर की पहचान

एक बार एक ग्राहक चित्रो की दुकान पर गया । उसने वहाँ पर अजीब से चित्र देखे । पहले चित्र मे चेहरा पूरी तरह बालो से ढँका हुआ था और पैरों मे पंख थे ।एक दूसरे चित्र मे सिर पीछे से गंजा था।

ग्राहक ने पूछा- यह चित्र किसका है?

दुकानदार ने कहा- अवसर का ।

ग्राहक ने पूछा- इसका चेहरा बालो से ढका क्यो है?

दुकानदार ने कहा -क्योंकि अक्सर जब अवसर आता है तो मनुष्य उसे पहचानता नही है । ग्राहक ने पूछा ङ्क और इसके पैरो मे पंख क्यो है? दुकानदार ने कहा ङ्क वह इसलिये कि यह तुरंत वापस भाग जाता है, यदि इसका उपयोग न हो तो यह तुरंत उड़ जाता है ।

ग्राहक ने पूछा- और यह दूसरे चित्र मे पीछे से गंजा सिर किसका है?

दुकानदार ने कहा- यह भी अवसर का है । यदि अवसर को सामने से ही बालो से पकड़ लेंगे तो वह आपका है ।अगर आपने उसे थोड़ी देरी से पकड़ने की कोशिश की तो पीछे का गंजा सिर हाथ आयेगा और वो फिसलकर निकल जायेगा । वह ग्राहक इन चित्रो का रहस्य जानकर हैरान था पर अब वह बात समझ चुका था ।

दोस्तो, आपने कई बार दूसरो को ये कहते हुए सुना होगा या खुद भी कहा होगा कि 'हमे अवसर ही नही मिला' लेकिन ये अपनी जिम्मेदारी से भागने और अपनी गलती को छुपाने का बस एक बहाना है।

धर्म-कर्म

चैत्र नवरात्रि का तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की होती है पूजा

मां दुर्गा का तीसरा रूप चंद्रघंटा है। नवरात्र के तीसरे दिन माता चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। मां चंद्रघंटा का यह स्वरूप बेहद ही सुंदर, मोहक, अलौकिक, कल्याणकारी व शांतिदायक है। माता चंद्रघंटा के माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्रमां विराजमान है, जिस कारण इन्हें चंद्रघंटा के नाम से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि मां अपने भक्तों से प्रसन्न होकर उन्हें शांति व समृद्धि प्रदान करती हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां चंद्रघंटा संसार में न्याय व अनुशासन स्थापित करती हैं। मां चंद्रघंटा देवी पार्वती का विवाहित रूप हैं। शिव जी से विवाह करने के बाद मां ने अपने मस्तक पर अर्धचंद्र सजाना शुरू कर दिया था, इसीलिए मां पार्वती को मां चंद्रघंटा के नाम से जाना जाता है। मां चंद्रघंटा शेर पर सवार हैं। वो धर्म का प्रतीक हैं। उनका शरीर चमकीला सुनहरा है। मां चंद्रघंटा अपने भक्तों की सभी इच्छाओं को पूरा करती हैं आचार्य पंडित उमाशंकर पांडेय ने बताया कि देवी चंद्रघंटा की पूजा और भक्ति करने से आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। बताया कि नवरात्रि के तीसरे दिन जो भी माता के तीसरे रूप मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना करता है, उन सभी को माता की कृपा प्राप्त होती है।

आंचलिक

महिला जूडो लीग में बेटियों ने दिखाया दम खिलाड़ियों ने जीते 17 गोल्ड समेत 21 पदक

समवेत शिखर संवाददाता

कोंडागांव। जगदलपुर में आयोजित अस्मिता महिला जूडो लीग में बस्तर की बेटियों ने अपना परचम लहराया है। प्रतियोगिता में बस्तर संभाग की 120 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें आईटीबीपी जूडो कोचिंग कैंप कोंडागांव की 17 खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीते।

सब-जूनियर वर्ग में 8 स्वर्ण पदक आए। लिलेश्वरी ने 32 किग्रा, गीता पटेल ने 36 किग्रा, ममता नेताम ने 40 किग्रा, योगिता मंडावी ने 44 किग्रा, चन्द्रप्रभा ठाकुर ने 48 किग्रा, लेखा नेताम ने 52 किग्रा, निलिमा ने 57 किग्रा और भूमिका ने 57+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। कैडेट वर्ग में 4 स्वर्ण पदक मिले। हेमवती नाग ने 40 किग्रा, लिकेश्वरी ने 44 किग्रा, निर्मला सोरी ने 52 किग्रा और राजेश्वरी ने 57 किग्रा में गोल्ड जीता। जूनियर वर्ग में योवानशी ने 48 किग्रा में स्वर्ण पदक हासिल किया। रजत पदक में कैडेट वर्ग की मंगली ने 40 किग्रा और रमशिला ने 48 किग्रा में सफलता पाई। कांस्य पदक में सब-जूनियर वर्ग की प्रिया सोना ने 44 किग्रा और कैडेट वर्ग की क्रिस्टीना नाग ने 57 किग्रा में पदक जीता।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आईटीबीपी की 41वीं वाहिनी 2016 से आदिवासी और नक्सल पीड़ित परिवारों के बच्चों को जूडो का प्रशिक्षण दे रही है। प्रशिक्षक नारायण सोरेन और उदय सिंह यादव के मार्गदर्शन में खिलाड़ी निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। सेनानी नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आईटीबीपी के जवानों की सराहना की, जो नक्सल क्षेत्र की बेटियों को जूडो के साथ आत्मरक्षा के गुर भी सिखा रहे हैं।

कोंडागांव में ईद पर तिरंगे के साथ निकला जुलूस मुस्लिम समाज ने दिया एकता का संदेश

समवेत शिखर संवाददाता

कोंडागांव। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के फरसगांव में ईद-उल-फितर पर मुस्लिम समाज ने तिरंगे के साथ जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल लोगों ने तिरंगा लहराकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

इस मौके पर हिंदू, सिख और ईसाई समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। स्थानीय मुस्लिम नेताओं ने कहा कि तिरंगा लहराने का मकसद देश से जुड़ाव दिखाना था। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कहा कि वे पहले भारतीय हैं और धर्म बाद में आता है। उनका धर्म इंसानियत और भाईचारे का पाठ पढ़ाता है। वे हर साल अपने त्योहारों के जरिए यही संदेश देते हैं। स्थानीय प्रशासन और सामाजिक संगठनों ने इस पहल की सराहना की।

पुलिस ने जुलूस को शांतिपूर्ण बनाए रखने में पूरा सहयोग दिया। समाज के विभिन्न वर्गों ने इसे राष्ट्रीय एकता का प्रेरक उदाहरण बताया।

आज का इतिहास

- 2007 में आज ही के दिन विश्व तैराकी चैंपियनशिप में माइकल फ़ेल्प्स ने छह गोल्ड मेडल हासिल किए थे।
- 2005 में 31 मार्च के दिन ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया को अनाज की आपूर्ति रोकी थी।
- 1997 में आज ही के दिन नया नाटो सैनिक कमांडर नियुक्त किया गया था।
- 1979 में 31 मार्च के दिन ही माल्टा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की थी।
- 1966 में आज ही के दिन सोवियत रूस ने पहला चंद्रयान लूना10 लांच किया था।
- 1964 में 31 मार्च के दिन ही बंबई में इलेक्ट्रिक ट्राम आखिरी बार चली थी।
- 1959 में आज ही के दिन बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई थी।
- 1921 में 31 मार्च के दिन ही रॉयल ऑस्ट्रेलिया एयरफोर्स की स्थापना हुई थी।

आरएसएस ने हिंदू नववर्ष पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव व पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया

समवेत शिखर संवाददाता

नारायणपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला नारायणपुर द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव(हिंदू नववर्ष) एवं पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पथ संचलन जगदीश कला मंदिर से शुरू होकर हनुमान मंदिर (बुधवारी बाजार) सोनपुर रोड होते हुए पुराना बस स्टैंड में समाप्त हुआ । उसके पश्चात चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें पहले आद्यसरसंघचालक प्रणाम किया गया, फिर परम पवित्र भगवा ध्वज को प्रणाम कर अमृतवचन, गीत के पश्चात मुख्य अतिथि पद्मश्री श्री हेमचंद मांझी जी ने अपने सुखद अनुभव साझा किया। सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

मुख्य वक्ता श्री अवधेश जी दुबे प्रांत संयोजक हिंदू जागरण मंच प्रांत छत्तीसगढ़ ने अपने उद्बोधन में कहा की बिखरे हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही डॉक्टर हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति और उसके मंचों पर वंदे-मातरम के विरोध से व्यथित होकर डॉक्टर हेडगेवार ने अपनी राह बदल ली ।प्रांत संयोजक ने कहा कि 99 वर्ष की कठोर साधना से संघ हिंदू समाज का दिल जीतने तथा पूरी दुनिया में अपनी विशेष पहचान बनाने में सफल रहा । भारत प्रकृति पूजा है इसलिए विश्व शांति का वाहक भारत ही है इस दृष्टि से विश्व भारत की ओर टकटकी लगाए देख रहा है आज बहुत से पूज्य संतों की अवतरण दिवस है जिन्होंने अपने समाज के लिए अपने आप को जीवनज्ञ किया, जिससे सभी समाज का मार्गदर्शन हुआ है ।श्री दुबे जी ने कहा कि आज का दिन शुभ मंगलकामनाओं के साथ दिन का प्रारंभ हुआ। साहस से बढ़ने वालों को इंगित कर, साहस से बढ़ने वालों के माथे तिलक लगाने का।आप सभी को नवरात्रि एवं हिंदू नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ मैं अपने शब्द समाप्त करता हूं।

कोंडागांव में सूरजमुखी की खेती से बदल रही तस्वीर 250 किसानों ने 200 एकड़ में लगाई फसल

प्रति एकड़ 20 हजार एक्स्ट्रा कमाई

समवेत शिखर संवाददाता

कोंडागांव। कोंडागांव में सूरजमुखी की खेती से किसानों की जिंदगी में नई रोशनी आई है। प्रदान संस्था ने जिले के 8 गांवों में 250 किसानों के साथ मिलकर 200 एकड़ में सूरजमुखी की खेती शुरू की है।

किसानों को 20 डिसमिल से लेकर 2 एकड़ तक की जमीन में खेती का मौका मिला है। ग्राम बावड़ी की बायको और अनीता मरकाम ने 2 एकड़ में पहली बार सूरजमुखी बोई है। वहीं, ग्राम बेतबेडा और पुषपाल में प्रवति, आसमती, मंगल और सुकमन 1-1 एकड़ में खेती कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन से पैदा हुए जल संकट के बीच सूरजमुखी एक बेहतर विकल्प साबित हो रही है। यह फसल कम पानी में भी अच्छी पैदावार देती है। प्रति एकड़ 5-6 क्विंटल बीज की उपज मिल रही है। इससे करीब 200 लीटर तेल निकाला जा सकता है। किसानों को प्रति एकड़ 20,000 रुपए तक की अतिरिक्त आय हो रही है। इस पहल में चिचपोलंग, पुषपाल, मटवाल, बावड़ी, बेतबेडा, बनउसरी, मोहलाई और सिलाटी के किसान शामिल हैं। महिला किसान अब खुद तेल निकालने का काम भी कर रही हैं। इसके लिए 6 गांवों में तेल निकालने की मशीनें लगाई गई हैं। सूरजमुखी की खेती से न सिर्फ किसानों की आमदनी बढ़ी है, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी हो रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

लीनेस क्लब के एरिया मीट में की गई सालभर के कार्यक्रमों की समीक्षा

दुर्ग। लीनेस क्लब आफदुर्ग सिटी द्वारा एरिया मीट का आयोजन किया गया। यह आयोजन डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता कपूर के निर्देश पर किया गया।एरिया ऑफिसर अनीता शुक्ला, एरिया एडवाइजर अनीता तिवारी, एरिया सचिव विभा गुप्ता, क्लब सचिव आकांक्षा मिश्रा, कोषाध्यक्ष शरद अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित एरिया मीट को शबाना नाज, वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रश्मि अग्रवाल व पीआरओ लक्ष्मी चंद्राकार ने संबोधित किया। एरिया मीट में चार क्लब लीनेस क्लब रायपुर, लीनेस क्लब बेमेतरा, लीनेस क्लब भिलाई सेंट्रल व लीनेस क्लब दुर्ग सिटी के पदाधिकारी शामिल हुए। क्लब के अध्यक्षों ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसके अलावा क्लब सचिव द्वारा सालभर तक आयोजित कार्यक्रमों से सदन को अवगत कराया। ध्वज वंदना रत्नमाला पालिया द्वारा पड़ा गया। फाग गीत कॉम्पिटिशन में चारों क्लब को पुरस्कृत किया गया। म्यूजिकल ग्लास उठाओ खेल में प्रथम सोनम चक्रवर्ती, द्वितीय मंजू चंदेल व तृतीय अनीता मालू रही। कार्यक्रम संचालन व संयोजन डिस्ट्रिक्ट एडवाइजर शबाना नाज द्वारा किया गया एवं आभार मल्टीपल सह सचिव मीनाक्षी अग्रवाल ने किया।

धोखाधड़ी का आरोपी हुआ गिरफ्तार

भिलाईनगर। सुशील कुमार गुप्ता पिता स्व पुरन प्रसाद गुप्ता उम्र 75 साल साकिन प्लाट नंबर 111/1 हनुमान मंदिर के पास मैत्री कुंज रिसाली भिलाई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 27.03.2025 को रात करीब 11.00 बजे इनका बेटा अमित कुमार आजाद मार्केट रिसाली में गिरने से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सेक्टर 09 हास्पीटल ले जाना एवं हास्पीटल में बिल भुगतान के नाम पर फोन पे का पिन एवं फोन मांगकर खाता से 50,000 रू बिना जानकारी के रकम का ट्रान्सफर कर लिया है। कि रिपोर्ट पर विषयांकित अपराध धारा सदर का कायम कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण गंभीर किस्म का होने से वरिष्ठ अधिकारियों को हालात से अवगत कराकर प्रकरण के अज्ञात आरोपी का पतासाजी एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन में एवं अति.पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी तथा थाना प्रभारी नेवई राहुल बसंल (प्रशिक्षु भापुसे) के मार्गदर्शन मे टीम गठित कर आरोपी की पतातलाश कि जा रही थी कि दौरान पतासाजी घटनास्थल एवं सेक्टर 09 अस्पताल का सीसीटीव्ही फुटेज के अवलोकन से आरोपी का पहचान संदीप चांदेकर के रूप में हुआ। आरोपी से पूछताछ करने पर मुर्त0 अमित कुमार के पैर में चोट लगने से चल नहीं पाने से प्रारंभिक उपचार हेतु सेक्टर 09 बीएसपी अस्पताल ले गया।

परमेश्वरी मंदिर में हुई देवी भागवत कथा की शुरुआत 154 मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्जवलित किए गए

जो समाज अपने गुरु एवं ईष्ट देवी का सम्मान नहीं करता उसका पतन हो जाता है : आचार्य नीलेश

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाई। प्रगति नगर रिसाली भिलाई स्थित परमेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर देवी भागवत पुराण कथा की शुरुआत हुई। पहले दिन सुबह महिलाओं ने परमेश्वरी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली, जो शिव मंदिर से होकर परिक्रमा करते हुए वापस कथा स्थल परमेश्वरी भवन पहुंची। नवरात्रि के प्रथम दिन प्रातः अभिजीत मुहूर्त में माता परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर ज्योति कलश की स्थापना की गई।

मंदिर में 154 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए हैं। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी सुमन देवांगन ने नवरात्रि पूजा एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा में मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन एवं उनकी पत्नी इन्दु देवांगन सहायक यजमान हैं। वैदिक मंत्रों के बीच वेदी पूजन, घट स्थापना, मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित करने के बाद आरती हुई। नवरात्रि के पहले दिन ही परमेश्वरी मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा की में व्यास पीठ से आचार्य डॉ नीलेश शर्मा महाराज ने कहा कि देवी भागवत पुराण कथा श्रवण से मानव मात्र को संसार चक्र से मुक्ति मिलती है। उन्होंने अनेक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए देवी भागवत पुराण की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि इसकी महिमा अवर्णनीय है। इसलिए नवरात्रि में देवी भागवत पुराण सुनने का विशेष महत्व है। इसके कथा श्रवण से मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो समाज अपने गुरु एवं ईष्ट देवी का सम्मान नहीं करता उसका पतन हो जाता है। उन्होंने इस श्रेष्ठ परम्परा को बनाए रखने के लिए देवांगन समाज की सराहना की।

परमेश्वरी मंदिर में पूजा एवं आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को भोग-प्रसाद वितरित किए गए। इस अवसर पर देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष रेशमलाल देवांगन, त्रिलोक देवांगन, टेसू राम देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन, सहसचिव गण जीतेन्द्र बांकुरे, गोवर्धन देवांगन, होमलाल देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन, भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन, सह प्रभारी हेम कैलाश देवांगन, रामगोपाल देवांगन, राधेश्याम देवांगन, सोहनलाल, श्रवण देवांगन, जयश्री देवांगन, माहेश्वरी देवांगन, दामिनी देवांगन, शकुंतला बांकुरे, लक्ष्मी देवांगन, इन्दू देवांगन आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे। परमेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व में प्रतिदिन संध्या समय विशेष आरती, जसगीत, माता सेवा, भक्ति संगीत का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन अपराह्न 3.30 बजे से श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का प्रवचन होगा। संध्या आरती के बाद भोग प्रसादी वितरित किया जाएगा।

राज्यपाल रमेन डेका आज एवं कल बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे

समवेत शिखर संवाददाता

बालोद। राज्यपाल श्री रमेन डेका मंगलवार 01 अप्रैल एवं बुधवार 02 अप्रैल को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे मंगलवार 01 अप्रैल को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेने के उपरांत जिला मुख्यालय के आस-पास के स्थानों का भ्रमण कर जिले में केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा भी लेंगे।

जारी किए गए प्रवास कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री रमेन डेका मंगलवार 01 अप्रैल को दोपहर 02.30 बजे सर्किट हाउस दुर्ग से सड़क मार्ग द्वारा कलेक्टोरेट बालोद के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल श्री डेका दोपहर 03.30 बजे कलेक्टोरेट बालोद में पहुँचने के पश्चात् सर्वप्रथम 'एक पेड़ माँ के नाम' अंतर्गत कलेक्टोरेट परिसर में वृक्षारोपण करेंगे। इसके पश्चात् वे संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक के उपरांत राज्यपाल श्री रमेन डेका शाम 05 बजे जिला मुख्यालय बालोद के आस-पास के स्थानों का भ्रमण कर जिले में केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अवलोकन करेंगे।

इसके पश्चात् राज्यपाल श्री डेका शाम 06 बजे सर्किट हाउस बालोद में पहुँचकर रात्रि विश्राम करेंगे। राज्यपाल श्री डेका बुधवार 02 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे सर्किट हाउस बालोद से सड़क मार्ग द्वारा जिला मुख्यालय मोहला के लिए प्रस्थान करेंगे।

मुल्क के अमन चैन और खुशहाली की दुआ के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई ईद

सुबह 9 बजे खैरागढ़ मुस्लिम समाज ने ईद की नमाज अदा की

समवेत शिखर संवाददाता

खैरागढ़। हमेशा की तरह परम्परानुसार खैरागढ़ मुस्लिम समाज ने जश्रे ईद-ऊल-फ़ित्तर का मुबारक त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया. स्थानीय दाऊचौरा स्थित ईदगाह की पाक सरजमीं पर सोमवार 31 मार्च को सुबह 9 बजे मुस्लिम भाइयों को जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफ़िज़ फखरुद्दीन मिस्बाही ने परंम्परानुसार ईद की पाक नमाज अता करवाई. गौरतलब हैं कि रविवार की रात चांद की तस्दीक के बाद सोमवार 31 मार्च को ईद का मुबारक त्यौहार जोशोजश्न के साथ मनाया गया. ईदगाह में पेश इमाम साहब ने तकरीर की उसके बाद नमाजे ईदुलफ़ित्तर मुस्लिम रवायत के मुताबिक अता की गई जिसके बाद ईद-ऊल-फ़ित्तर का विशेष खुदबा पढ़ा गया व आखिर में सलातो-सलाम पढ़कर वतन के अमन, चैन व खुशहाली के साथ सभी की सलामती की दुआ मांगी गई। दुआ के बाद मुसलमान भाईयों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक दी और कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहुमो के ईसाले सवाब के लिये फातिहा पढ़ी वही इसके बाद नगर में दिनभर मुसलमान भाई एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद देते रहे और सेवई-खीर तस्कीम का सिलसिला चलता रहा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं पूर्व सदर अब्दुल रज्जाक खान, हाफ़िज़ मोहिब्बुल हक़, हाफिज़ जियाउल हक़, जामा मस्जिद सदर अरशद हुसैन, नायब सदर ज़फ़र हुसैन खान, हाजी नासिर मेमन, हाज़ी रिज़वान मेमन, हाजी ईमरान मेमन, हाजी मोहसिन अली, हाजी जाहिद अली, हाजी मुर्तजा खान, जामा मस्जिद के कोषाध्यक्ष मो. इदरीस खान, कासिम खान, इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी, जिला मुस्लिम समाज के सचिव मो. याहिया नियाज़ी, शमसुल होदा खान, जफ़र उल्लाह खान, जहीन खान, सैय्यद अल्ताफ अली, अय्यूब सोलंकी, फारुख मेमन, नाजिम होदा खान, जुनैद खान, जाकिर अली, जमीर कुरैशी, कदीर कुरैशी, डॉ. मकसूद अहमद, मतीन अशरफ़ राजा सोलंकी सहित बेहतर शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम के निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक लालचंद मोहले, खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल शर्मा, एएसआई प्रकाश सोनी, एएसआई कमलेश बनाफर, आरक्षक चंद्रकांत वर्मा, कमलेश कोर्राम व मुरली वर्मा भी ईदगाह में मौजूद रहे और पुलिस की व्यवस्था सराहनीय रही।

कलेक्टर ने राज्यपाल प्रवास कार्यक्रम की तैयारियों का किया अवलोकन

सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

बालोद। राज्यपाल श्री रमेन डेका मंगलवार 01 अप्रैल एवं बुधवार 02 अप्रैल को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जिले में राज्यपाल के प्रवास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर में निर्धारित स्थानों का भ्रमण कर राज्यपाल श्री रमेन डेका के प्रवास कार्यक्रम के तैयारियों का जायजा लिया। इसके अंतर्गत उन्होंने राज्यपाल का संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के अलावा परेड एवं सलामी स्थल तथा राज्यपाल द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौध रोपण हेतु निर्धारित स्थल का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस एवं राज्यपाल कार्यालय के सुरक्षा अधिकारियों के साथ राज्यपाल के आगमन एवं प्रस्थान के निर्धारित रूट एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को जिले में राज्यपाल के प्रवास कार्यक्रम को सफल एवं बेहतर बनाने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम श्री सुरेश साहू सहित राज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर

आम सूचना

जारी दिनांक 18/03/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वेदांता होटल एण्ड प्रा.लिमि. शुभम अधलखा पिता अनिल अधलखा निवासी कोलर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम कोलर प.ह.न. ..... रा.नि.मं खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका कुल खसरा नंबर 43 कुल रकबा 139474 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अति. तहसीलदार खोरपा के आदेश के परिपालन में दिनांक 04/04/2025 को समय 11:00 बजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है,

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथी को ग्राम कोलर स्थित पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

Khasra No.	Rakba (H)	Rakba (A)	Khasra No.	Rakba (H)	Rakba (A)	Khasra No.	Rakba (H)	Rakba (A)
156/123	0.12	0.30	156/88	0.405	1.00	156/106	0.07	0.18
156/134	0.59	1.45	156/105	0.071	0.18	156/141	0.22	0.53
156/3	0.680	1.68	156/136	0.069	0.17	156/143	0.05	0.13
156/15	0.129	0.32	156/137	0.198	0.49	156/144	0.19	0.48
156/16	0.433	1.07	156/139	0.429	1.06	156/148	0.43	1.07
156/27	0.607	1.50	156/140	0.392	0.97	156/19	0.61	1.50
156/33	0.405	1.00	156/142	0.382	0.94	156/42	0.41	1.00
156/34	0.404	1.00	156/146	0.064	0.16	156/55	0.20	0.50
156/37	0.364	0.90	156/5	0.49	1.20	156/110	0.81	2.00
156/44	0.130	0.32	156/8	0.39	0.97	156/119	0.20	0.50
156/49	0.336	0.83	156/9	0.05	0.13	156/45	0.251	0.62
156/50	0.672	1.66	156/26	0.43	1.07	156/103(189)	0.271	0,67
156/51	0.308	0.76	156/43	0.27	0.67	156/10	0.809	2.00
156/52	0.251	0.62	156/48	0.24	0.58		13.95	34.46
156/86	0.045	0.11	156/53	0.07	0.18			

राजस्व निरीक्षक
खोरपा

भावुक हुए शिक्षकगण, पांचवीं के बच्चों का हुआ विदाई समारोह

समवेत शिखर संवाददाता

साजा। समय था पांच वर्ष बाद विदाई का। जी हां बच्चों का प्राथमिक से मिडिल में जाना किसी विदाई से कम नहीं कह सकते। यह ऐसा अवसर था जब पांच वर्ष सुबह से शाम तक की पढ़ाई के बाद बच्चे और छात्र अलग हो रहे है,विदाई समारोह में कक्षा पांचवी के सभी बच्चे अतिथि रहे,भावुक मन से बच्चो के कहे शब्दों से शिक्षकों की आंखे भर आई।

सर, हमें यही पढ़ने दीजिए ना : विदाई की बेला मे उद्बोधन की कड़ी मे कक्षा पांचवी का छात्र लक्ष्य ने अपनी बाते रखी और कहा मै यहां पहली कक्षा से पढ़ रहा हूं और अब पांचवी कक्षा भी पढ़ लिया,प्लीज सर अभी भी हमें यही पढ़ने दीजिए ना। छात्र के इस शब्द ने सबको झकझोर दिया।छात्रा वेदिका बोली मुझे रावत मैडम पहिली कक्षा से पढ़ाई है,कलम पकड़ना सीखाई है,बहुत याद आयेगा मेरा स्कूल। इसी कड़ी मे शिक्षिका विजय लक्ष्मी रावत ने नम आंखों से बच्चों को आशीर्वाद और विदाई दी।

प्रधानपाठक ने कहा ऐसे अवसर में भावुक होना स्वाभाविक : अंत में प्रधान पाठक धनेश रजक ने नन्हे बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इन बच्चों के साथ मेरा आशीर्वाद हमेशा साथ रहेगा। छात्र छात्राएं जहां भी रहे खुब पढ़ाई-लिखाई करे अपने पालक के साथ गुरुजनों व स्कूल का भी नाम रौशन करे। शिक्षक श्री रजक ने विदाई के रहे बच्चो के लिए कहा कि पांचवी के सभी बेटे बेटियां बहुत ही संस्कारी है हमेशा गुरूजनो की बात का सम्मान करते है,मुझे पुरा विश्वास है कि ये सभी बच्चे अच्छा कक्षा में नियमित रूप से स्कूल जायेंगें और अनुशासन मे रहकर पढ़ाई करेंगे।श्री रजक ने कहा कि यह ऐसा अवसर है जब हर कोई भावुक हो सकता है।

एक दूसरे को भेंट देकर व्यवहारिकता निभाई : विदाई अवसर पर कक्षा पांचवी के बच्चों ने मां सरस्वती व श्री गणेश भगवान का फोटो फ्रेम हेडमास्टर को भेंट किया,इसी कड़ी मे संस्था प्रमुख धनेश रजक ने शाला परिवार की ओर से विदा ले रहे सभी 30 बच्चों को मां सरस्वती के साथ रुपिंग फोटो और प्रतीक चिन्ह भेंट में दिया।

जैविक खेती की ओर जाना बहुत जरूरी : कलेक्टर

राजनांदगांव। केन्द्र प्रवर्तित परम्परागत कृषि विकास योजना अंतर्गत आज जिला स्तरीय जैविक किसान मेला का आयोजन जिले के जैविक खेती के लिए चयनित छुरिया विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम झाड़ीखैरी में किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस इशु अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत शामिल हुए। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को बैटरी स्प्रेयर, मत्स्य विभाग द्वारा आईस बाक्स और जाल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला अग्रणी बैंक, राजस्व विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के संबंध में स्टॉल लगाया गया था। हरियाली बहनियों द्वारा ग्राम में जल यात्रा निकालकर ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन और फसल विविधीकरण के लिए जागरूक किया गया।

ग्राम कपसदा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ का समापन

समवेत शिखर संवाददाता

कुम्हारी। निकटवर्ती ग्राम कपसदा स्थित बाबा श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में विगत दिनों आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ शनिवार को सम्पन्न हुआ। समस्त ग्रामवासियों, बाबा श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर सेवा समिति, श्रीमद् भागवत प्रचार समिति के सदस्य शिष्यों और आसपास के गांवों के सहयोग से आयोजित इस भव्य कथा में सुप्रसिद्ध प्रवचनकर्ता पं. चंद्रनील द्विवेदी भगवताचार्य (हस्तरेखा एवं ज्योतिष सलाहकार), नंदिनी अहिवारा वालों ने संगीतमय शैली में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तिमय कथा श्रवण करने के लिए एकत्रित हुए। कथा के विराम एवं समापन पर हवन पूर्णाहुति का आयोजन किया गया।

HINDUJA LEYLAND FINANCE

कार्पोरेट ऑफिस : 27/ए, डेवलप्ड इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गुइंडी, चेन्नई- 600032
रजिस्टर्ड ऑफिस : प्लाट नं. सी-21, टॉवर सी (1-3 फ्लोर्स), जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051
ब्रांच ऑफिस : पुजारी चैंबर कॉम्पलेक्स, टिकरापारा, पचपेड़ीनाका के पास, रायपुर (छ.ग.) 492001
Website : www.hindujaleylandfinance.com, CIN : U65993MH2008PLC384221

भौतिक कब्जे का नोटिस [(अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)]

जबकि, **हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस** के अधिकृत अधिकारियों ने वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रवर्तन प्रतिभूति अधिनियम, 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक खाते के सामने उल्लेखित तारीख को मांग नोटिस जारी किए, जिसमें संबंधित उधारकर्ताओं से नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर प्रत्येक खाते के सामने उल्लेखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया।

उधारकर्ता द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने (प्रतिभूति हित प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का **भौतिक कब्जा** ले लिया है।

उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे इन संपत्तियों से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्तियों से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन, राशि और उस पर ब्याज के लिए हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस के प्रभार के अधीन होगा।

सि. नं	खाता का नाम/ ऋण खाता सं.	गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण	डिमांड नोटिस की तिथि	बकाया राशि	कब्जा तिथि
1.	**ऋण खाता संख्या :- सीआरआरपीआरपी00950** मेसर्स जैनम क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड (उधारकर्ता), श्री महेंद्र कोचर (सह-उधारकर्ता), श्री अभय कुमार जैन (सह-उधारकर्ता), श्री पारसमल कोचर (सह-उधारकर्ता), श्री मोतीलाल कोचर (सह-उधारकर्ता),	**संपत्ति-** मकान नं. 9/17 एवं 9/18 के वह सभी हिस्सा एवं खंड, मौजा बूढ़ापारा, रायपुर, छ.ग.-492001 **और घिरे हुए हैं:** पूर्व- बंगाली का मकान, पश्चिम- सड़क, उत्तर-सड़क, दक्षिण-दूसरे का मकान	10/10/2023	3,91,36,176.89/ **रुपए** (तीन करोड़ इनकान्वे लाख छत्तीस हजार एक सौ छिहत्तर रुपए और नवासी पैसे मात्र)	27/03/2025 (भौतिक कब्जा)
2.	**ऋण खाता संख्या :- सीआरआरपीआरपी00754** मेसर्स रौनक ट्रेडलिंक्स कॉर्पोरेशन (उधारकर्ता), श्री रमनदीप सिंह साहनी (सह-उधारकर्ता), श्रीमती प्रीति साहनी (सह-उधारकर्ता),	**संपत्ति-** फ्लैट नं. /01, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक बी, ओशोका टॉवर्स के वह सभी हिस्सा एवं खंड, खसरा नं. 478/3-12-13-14 (हिस्सा), प.ह.नं. 110 (प्रस्तावित नं. 40), आरआईसी रायपुर-1, नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड नं. 29, शंकरनगर, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.)-492001, 1105 वर्ग फीट सुपर बिल्डअप एरिया और 932.16 वर्ग फीट कारपेट क्षेत्र वाला यह भवन श्री रमनदीप साहनी के नाम पर पंजीकृत है। **और घिरे हुए हैं:** पूर्व- फ्लैट नं. बी-02, पश्चिम- फ्लैट नं. ए-02, उत्तर-अशोका टॉवर पार्किंग, दक्षिण-लिफ्ट	12/10/2023	4,90,66,438.52/ **रुपए** (चार करोड़ नब्बे लाख छैषठ हजार चार सौ अड़तीस रुपए और बावन पैसे मात्र)	28/03/2025 (भौतिक कब्जा)
3.	**ऋण खाता संख्या :- सीआरआरपीआरपीसी000007** मेसर्स सत्यनारायण ट्रेडर्स (उधारकर्ता), मेसर्स आर्ट गैलरी (सह-उधारकर्ता), श्री संजय सिंह ठाकुर (सह-उधारकर्ता), श्रीमती दीपा ठाकुर (सह-उधारकर्ता), श्री टोमन सिंह ठाकुर (सह-उधारकर्ता), श्रीमती सुधा ठाकुर (सह-उधारकर्ता)।	**संपत्ति-** जमीन प्लाट नं. 10 एवं 11 के वह सभी हिस्सा एवं खंड, प.ह.नं. 106 (8), वार्ड नं. 16, शहीद चुड़ामणि वार्ड, मौजा-समता कालोनी, समता गृह निर्माण संस्था समिति रायपुर, छ.ग.-492001। पूर्व- सड़क, पश्चिम- नाली के बाद दूसरे का मकान और तालाब, उत्तर-प्लाट नं. 09, दक्षिण- खुला क्षेत्र	23/12/2022	4,21,87,136/ रुपए (चार करोड़ इक्कीस लाख सत्यासी हजार एक सौ छत्तीस रुपए मात्र)	27/03/2025 (भौतिक कब्जा)
	ऋण खाता संख्या :- सीआरआरपीआरपीसी000010 1. मेसर्स जयश्री स्टील (उधारकर्ता), 2. श्री राजकुमार अग्रवाल (सह-उधारकर्ता), 3. श्रीमती जयश्री अग्रवाल (सह-उधारकर्ता), 4. श्रीमती अपूर्वा अग्रवाल (सह-उधारकर्ता), 5. जयश्री ब्रिक्स (सह-उधारकर्ता),	**संपत्ति-** खसरा नं. 781/110 (नया खसरा नं.) के वह सभी हिस्सा एवं खंड, प.ह.नं. 103, मौजा/ग्राम- जरवाय या हीरापुर, वार्ड नं. 2, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, आरएनएम-1, तहसील एवं जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़। पूर्व- धरसा, पश्चिम-20 फीट सड़क, उत्तर-खसरा नं. 781/2-3 का हिस्सा, दक्षिण- विक्रेता का प्लाट।	17/12/2024	6,33,78,556.5/ रुपए (छह करोड़ तैंतीस लाख अठहत्तर हजार पांच सौ छप्पन रुपए और पचास पैसे मात्र)	27/03/2025 (भौतिक कब्जा)

स्थान : रायपुर
दिनांक: 01/04/2025

मेसर्स/ हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड के लिए
प्राधिकृत अधिकारी

मुस्लिम समुदाय ने खुशनुमा माहौल में मनाई ईद

समवेत शिखर संवाददाता

बालोद। रमजान के रोज़े के बाद खुशी का इजहार करने ईद का त्योहार मुस्लिम समुदाय के द्वारा खुशनुमा माहौल मे मनाया गया। ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम मोहम्मद शकील चिस्ती ने कहा कि यह गरीब, यतीम सारे लोगों की ईद होती है, आज अल्लाह की बारगाह में मांगने का दिन है,आज शुकराना अदा करने और खुशी मनाने का दिन है, कोई गरीब इंसान है,उसकी मदद करने का दिन है, कोई गरीब हो और उसके तन में कपड़ा ना हो तो अमीरों को चाहिए कि उसकी खुशी के लिए कपड़े का इंतजाम करें। हाफ़िज़ शकील चिस्ती ने कहा की रमज़ान का रोज़ा ईद का तोहफा है, उसके रोज़े बारगाहे इलाही में मकबूल होते हैं, उसके लिए ईद है। इस ईद के दिन सब एक जगह इकट्ठा होकर आपस में दिलों मे बसें नफरतों, हसद को खत्म कर भाई -भाई का रिश्ता बनाकर एक दूसरे से गले मिले। हमारे पैगम्बर ने आमनों शांति का पैगाम दिया है, गरीबों का ख्याल रखा है। ईद की नमाज़ अदा करने से पहले आप गरीबों की मदद करके आइए उनकी तकलीफो को दूर करके आइए उनकी मदद करिये ताकि वह भी खुशी से त्यौहार मना सकें। ईद की नमाज के बाद उन्होंने प्रदेश व हिंदुस्तान की तरक्की, अमन,भाईचारा, शांति के लिए दुआएं की। ईद उल फित्तर पर छोटे बड़े बुजुर्ग सभी नए वस्त्र पहन कर ईदगाह पहुंचे नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी,नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम के लिए परवर दिगार से मग़ फेरत के लिए दुआएं की, यह त्योहार मीठी ईद के नाम से भी जानी जाती है!

खिदमते खल्क के तहत मेमेंटो देकर नवाज़ा गया : मुस्लिम समाज से मजीद शेख, हुसैन बाबा, आदिल अमान, अतहर बख्श, गुलाम मोईनुद्दीन, बबलू भाई, अल्ताफ तिगाला, इस्माइल खान, मो जुनैद कुरैशी, अमजद खान,जावेद तिगाला, अहमद खान दादा भाई, शेख गुलाम, रहीम मोहम्मद, अख्तर रजा,शेख इमामुद्दीन, शेख नावेद, असफाक तिगाला,अल्ताफ तिगाला, इमरान खान, अतहर बक्श, समीर खान, ताहिर ताज़

इन सभी को ईद की नमाज के बाद इंतजामियाँ कमेटी बालोद की ओर से रमज़ान उल मुबारक के मौके पर समाज में रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम मे योगदान देने व समाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए मेमेंटो देकर अध्यक्ष शाहिद अहमद खान,उपाध्यक्ष सईद तिगाला ने हौसला अफ़ज़ाई करते हुए उन्हें मुबारकबाद दी।

**कमाई का ढ

न्यूज ब्रीफ

स्कूल लगने का समय बदला

महासमुंद। तेज गर्मी की वजह से स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। यह सभी सरकारी, असरकारी और शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन में जारी किया गया। विधिवत आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में यह स्पष्ट रूप से कहा गया कि तेज गर्मी की वजह से प्रदेश के निजी और सरकारी स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। सोमवार से शनिवार तक सुबह की पाली में संचालित होने वाली प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्कूलों की कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक चलेंगी।

चंडी माई धाम गौरमाटी में 314 ज्योति कलश प्रज्जवलित

कबीरधाम। जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम गौरमाटी में तीन तालाबों के मध्य प्राचीनकाल से विराजमान स्वयं उद्भुत मां चंडी देवी के मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर प्रतिपदा तिथि को शुभ मुहूर्त में 314 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित श्रद्धालुओं के द्वारा कराए गए हैं। मंदिर समिति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सिल्हाटी थान खमरिया मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम की दक्षिण दिशा में ग्राम के बाहर स्थित सुप्रसिद्ध मां चंडी देवी तीन जलमग्न तालाबों के मध्य अद्वितीय प्राकृतिक स्थल पर विराजमान है जहां पर दोनों नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाती है. मां चंडी देवी की कृपा और चमत्कार से मनोवांछित फल पाने वाले श्रद्धालु प्रति वर्ष दोनों नवरात्रि पर्व में अपना मनोकामना ज्योति कलश स्थापित करवाते हैं. मंदिर स्थल का शांत एवं शीतल वातावरण दर्शनार्थियों को सहज ही आकर्षित करता है. नवरात्रि पर्व की प्रथम दिवस से ही दर्शनार्थियों का मंदिर आना प्रारंभ हो गया है जिसकी सेवा और सुविधा के लिए मंदिर समिति के सदस्य गण और ग्रामवासी लगे हुए हैं।

शिक्षा के मंदिर में कलंक, नाट्य विभाग के अध्यक्ष पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप, अपराध दर्ज

खैरागढ़। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में एक और शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां एक छात्रा ने अपने ही शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। आरोपी शिक्षक, डॉ. योगेन्द्र चौबे, नाट्य विभाग के अध्यक्ष और लोक संगीत एवं कला संकाय के अधिष्ठाता हैं। इस मामले में लगभग सालभर पहले छात्रा ने अपने शिक्षक पर परीक्षा में बेहतर नंबर देने का लालच देकर उसके साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत थाने और महिला आयोग में की थी। लगभग सालभर तक चली जांच प्रक्रिया के बाद, खैरागढ़ पुलिस ने आरोपी शिक्षक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया और रातभर थाने में रखा। इसके बाद, आरोपी शिक्षक को राजनांदगांव स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरोपी अधिष्ठाता के विरूद्ध खैरागढ़ थाने में एट्रोसिटी सहित धारा 354, 354 (क), 354 (ख), 509, 506 व 3, 2 वी (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। यह मामला इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के लिए एक और शर्मनाक घटना है, जो पहले भी छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और अन्य मामलों को लेकर सुर्खियों में रहा है।

व्याख्याता कन्नौजे समाज गौरव सम्मान से सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुन्द। छात्र व शिक्षक के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा हेतु संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा वृंदावन हॉल सिविल लाइन में अंतरष्ट्रीय महिला दिवस एवं वार्षिक मिलन समारोह के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया । इस समारोह में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुन्द के वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी रायपुर दक्षिण के विधायक पुरंदर मिश्रा, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर विजय कुमार खंडेलवाल, विशेष अतिथि समाज सेवी निधि चंद्राकर, जागेश्वरी मढ़हरीया थे। ज्ञात हो कि इससे पूर्व श्री कन्नौजे को शिक्षा में नवाचार एवं कोविड 19 में रेडक्रॉस में उत्कृष्ट कार्य पर महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है । इस अवसर पर शिक्षक कला अकादमी के अध्यक्ष मीना भारद्वाज, संस्थापक संजय कुमार मैथिल, संरक्षक परसराम साहू उपस्थित थे। इस उपलब्धि पर स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष येत राम साहू, संरक्षक दाऊलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, सहायक संचालक सतीश नायर, नंद किशोर सिन्हा, प्राचार्य अमी रूफ्स, डॉ राजेश्वर खरे, रामकुमार साहू, संतोष कुमार साहू, सुशील शर्मा, कमल लुनिया, लीनु चंद्राकर, उमेश भारती गोस्वामी, मानिक लाल साहू, आदि ने बधाई दी है।

हिंदू नववर्ष व सिंधी समाज की शोभायात्रा का नपाध्यक्ष साहू ने किया स्वागत

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। सर्व हिन्दू समाज द्वारा हिंदू नववर्ष के अवसर पर तथा पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा भगवान झूलेलाल जयंती पर नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वागत किया। हिंदू नववर्ष पर निकली शोभायात्रा के स्वागत कर उन्होंने कचहरी चौक में तथा चेटीचंड महोत्सव पर निकली शोभायात्रा का स्वागत कर नेहरू चौक पर पालिकाध्यक्ष ने लोगों को आइसक्रीम का वितरण किया। इस अवसर पर सभापति जय देवांगन, गुलशन साहू, पार्षद राहुल आवडे, नीरज चंद्राकर, बड़े मुन्ना देवार, भरत ठाकुर, सोमेश दबे, रत्नेश साहू, शाहबाज़ राजवानी, शुभम चंद्राकर, आशीष सिक्का आयुष भोसले, कान्हा प्रधान, कुणाल सेन, मनोज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

शिव सती प्रसंग का किया बखान

समवेत शिखर संवाददाता



महासमुंद। बेमचा खल्लारी मंदिर में चल रहे भागवत पुराण के दूसरे दिन शिव सती प्रसंग का किया बखान किया।

कथा में सृष्टि वर्णन, वराह अवतार, कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, का बखान व्यास पीठ से पं. मिथलेश तिवारी ने किया । उन्होंने माता सती और शिव द्वारा कुंभज ऋषि के आश्रम में कथा श्रवण प्रसंग में बताया कि माता सती का ध्यान कथा में नहीं लग रहा था लौटते समय प्रभु राम जंगल में लीला कर रहे थे माता सीता हरण के बाद विलाप करते राम को देखकर माता सती के मन में संशय हुआ कि भगवान विष्णु के अवतार यदि राम है तो उन्हें सभी परिस्थितियों का ज्ञान होना चाहिए लेकिन भगवान राम तो मानव के समान विलाप कर रहे हैं और उन्होंने उसकी परीक्षा लेने की सोची और सीता का रूप धारण कर जब श्री राम के सम्मुख पहुंची तो प्रभु राम ने माता सती को प्रणाम कर पूछा कि भोलेनाथ कहां है आप अकेले भ्रमण कर रही है प्रभु राम ऐसा कहने पर माता सती को अपनी गलती का मान हुआ शिव द्वारा सती त्याग व दक्ष यज्ञ में जाने और यज्ञ विध्वंस की कथा विस्तार से सुनवाई। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

1 घंटे की सभा में मोदी की गारंटी का जिक्र तक नहीं : विनोद चंद्राकर

पीएम मोदी के पास बताने के लिए अपनी कोई उपलिब्ध नही, इसलिए कांग्रेस के खिलाफ करते हैं दुष्प्रचार

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छग प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रदेशवासियों, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, दैवेभो कर्मी व पंचायत सचिवों को उम्मीद थी कि भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी बताकर जो वादे किए गए थे, उसे लेकर पीएम मोदी कोई अहम निर्णय लेंगे। लेकिन, ऐसा कुछ नहीं हुआ। पीएम मोदी आए और बड़ी-बड़ी जुमला हांक कर लौट गए। उन्होंने 1 घंटे के सभा में मोदी की गारंटी का जिक्र तक नहीं किया।

श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा समस्त भाजपाइयों का एक ही ध्येय वाक्य है, और वह है केवल कांग्रेस का विरोध। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिलासपुर प्रवास के दौरान हजारों लोगों के बीच सिर्फ कांग्रेस के विरूद्ध जहर उगलने का काम किया। शायद उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि, विगत 11 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री के पास ऐसा कोई उपलिब्ध नहीं जिसे देशवासियों के समक्ष वे रख सकें। श्री मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में केवल हिंसा, नफरत और गृणित मानसिकता का बीज देश वासियों के जहन में बोने का काम किया।

श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेशवासियों को विश्वास था कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा अपने संकल्प पत्र में किए गए वादे को पीएम मोदी आज पूरा करेंगे। भाजपा ने 2023 के विधान सभा चुनाव तथा 2024 के लोकसभा चुनावों के अपने संकल्प पत्र में घोषणाएं की थी, जिसमें महिलाओं को 500 रूपये में गैस सिलिंडर देने का वादा तो केवल जुमला ही साबित हुआ। इसके अलावा 33 हजार शिक्षकों की भर्ती, एक साल के भीतर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को 1 लाख सरकारी नौकरी देने, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, फ्री बिजली, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ नए घर बनाने का संकल्प भाजपा ने लिया था। लेकिन, इनमें से सभी वादे अधूरे हैं। आवास योजना में तो भाजपा ने बड़ा खेल कर दिया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय निर्मित आवासों को भी इन्होंने अपना बता दिया।

श्री चंद्राकर ने कहा कि पिछले सवा साल में भाजपा की साय सरकार जनता की उम्मीदों पर विफल साबित हो चुकी है। सरकार से युवा, किसान, महिला, मजदूर, विद्यार्थी, अनुसूचित जाति, जनजाति हर वर्ग के लोग निराश हैं। ये सभी भाजपा की सरकार से अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। सत्ता के संरक्षण में जगह-जगह अवैध शराब, गांजा, ड्रग्स, नशीली दवाई बिक रहा है, सरकारी अस्पतालों में मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। अस्पतालों में दवाइयां, चिकित्सकीय टेस्टिंग की सुविधा नहीं मिल पा रही है, 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने की गारंटी भी अधूरी है। बिजली उत्पादक राज्य होने के बावजूद छत्तीसगढ़ के किसानों को कृषि के लिए बिजली नहीं मिल पा रही। फसल खराब होने से किसान आत्महत्या कर रहे हैं। और इन सब बातों से भाजपा की प्रदेश व केंद्र सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

नवरात्र प्रारंभ, पत्रकारों के लिए दान किए 1 लाख रुपए

प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने किया सम्मान, जताया आभार

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। एक दूसरे को सहयोग की परंपरा का निर्वाह करने के साथ पिता और सास के नक्शे कदम पर चलते हुए दानशीलता का परिचय देते हुए प्रेस क्लब के संरक्षक सदस्य एवं दीर्घकालिक वरिष्ठ एवं अधिमान्य पत्रकार राम कुमार तिवारी सुमन की पत्नी सुमित्रा तिवारी सेवानिवृत्त व्याख्याता ने प्रेस क्लब को पत्रकारों के हित में कार्य करने 1 लाख रुपए दान राशि भेंट की।

श्रीमती तिवारी आशी बाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला-महासमुंद में वरिष्ठ शिक्षिका रहीं और शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद में सेवाएं देते सेवानिवृत हुई हैं। उनकी मंशानुरूप चैत्र नवरात्र आरंभ एवं हिंदू नववर्ष शुभागमन पर उन्होंने उक्त राशि अध्यक्ष रत्नेश सोनी के हाथों में सौंपी। इस अवसर पर उपस्थित प्रेस क्लब परिवार ने सुमित्रा तिवारी और रामकुमार तिवारी का इस सहयोग के लिए सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन महामंत्री रवि विदानी ने किया।

पैसे किसी के काम आएं, इस सोच ने किया दान के लिए प्रेरित

बातचीत के दौरान उन्होनें बताया कि वे एक दूसरे को सहयोग किए जाने की परंपरा का निर्वाह कर रही हैं। पिता और सास ने भी अपने समय में लोगों से काफी लगाव रखा। पत्रकारों के काम में काफी संघर्ष होता हैं और इसलिए मन में बात आई कि क्यों न पत्रकार संगठन के लिए कुछ राशि दान में दी जाए। श्रीमती तिवारी ने इससे पहले भी अपने शिक्षकीय कार्यकाल में आशीबाई गोलछा स्कूल को चौदह लाख रुपए दान में दिए हैं. उक्त राशि से बच्चों के योग कक्षा संचालन के लिए एक शानदार हाल तैयार है और इसी कक्ष में योग कक्षा संचालित है।

यह रहे इस दौरान मौजूद

इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश सोनी, महामंत्री रविन्द्र कुमार विदानी, कोषाध्यक्ष संजय महंती, रामकुमार तिवारी, सालिक राम कन्नौजे, संजय डफ्ले, उत्तरा विदानी, विजय चौहान, प्रज्ञा चौहान, अमित हिशीकर की उपस्थित रहे।

गांजा की तस्करी करते दो गिरफ्तार

20 किलो गांजा जब्त

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। टास्क फोर्स और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 20 किलो गांजा समेत दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। मुखबिर से सूचना मिली.थी कि दो व्यक्ति एक काले कलर का टीव्हीएस जुपीटर स्कुटी क्रमांक सीजी 04 एलएल 3851 में अवैध मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा रखकर उड़िसा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे है। इस पर एनएच 53 रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताये हुलिया का टीव्हीएस जुपीटर स्कुटी आई। जिसमे दो व्यक्ति सवार थे जो एक प्लास्टिक बोरी मे सीट बीच मे कुछ रखे हुए थे?। जिन्हे नाम पता पूछने पर अपना नाम धर्मेन्द्र उर्फ सोनु सोनकर पिता भोलाराम सोनकर उम्र 32 साल साकिन रावणभांठा काली मंदिर के पास भाठापारा रायपुर थाना टिकरापारा रायपुर (छत्तीसगढ) तथा प्रमोद भोई पिता सुनारू भोई उम्र 40 साल साकिन संवरापारा वार्ड क्रमांक 05 बरगढ थाना बरगढ (उडिसा) का निवासी होना बताया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर बोरी में गांजा होना बताया।तलाशी के दौरान स्कूटी के बीच सीट मे रखे एक नग प्लास्टिक बोरी में कुल 20 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 3 लाख रूपये एवं स्कूटी जब्त कर थाना सिंघोड़ा अपराध धारा 20(बी) एनडीपीएस की कार्रवाई कर डिमांड पर जेल भेजा गया।

वक्ता मुकुन्द हम्बर्डे ने 'स्वत्व-स्मरण' का किया आह्वान

समवेत शिखर संवाददाता

कुम्हारी। रविवार को कुम्हारी स्थित भगतसिंह शाखा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरआरएस) के वर्षप्रतिपदा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मुकुन्द हम्बर्डे ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, यानी नववर्ष के प्रथम दिन के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि आज वर्षप्रतिपदा है, जो सृष्टि का आरंभ दिवस है और इसी दिन से हिंदुओं ने अपनी काल गणना भी प्रारंभ की है। उन्होंने उपस्थित सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।हम्बर्डे ने हिन्दुनववर्ष मनाने के महत्व को 'स्वत्व-स्मरण' बताते हुए कहा कि विदेशी आक्रमणों के दौरान हमने अपनी अस्मिता को सुरक्षित रखा, लेकिन धीरे-धीरे हम आत्मविस्मृत होते चले गए। हम अपनी पहचान, परंपरा और संस्कृति को भूलने लगे, जिसके कारण समाज न केवल पराधीन हुआ, बल्कि अपनी मूल पहचान भी खो बैठा। उन्होंने कहा कि जब कोई समाज आत्मविस्मृत होता है, तो वह विनाश की ओर अग्रसर होता है।स्वतंत्रता प्राप्ति के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने आंदोलन और कुछ क्रांतिकारियों ने सशस्त्र आक्रमण का मार्ग चुना। लेकिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने सभी उपायों पर विचार करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि जब तक हिंदू समाज आत्मगौरव से युक्त और संगठित नहीं होगा, तब तक वह न स्वतंत्र हो सकता है और न ही प्रगति कर सकता है।

शोभा यात्रा का स्वागत कर भगवान झूलेलाल को किया नमन

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। चेट्रीचंड महोत्सव भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा के साथ न.पा. उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका ने शोभायात्रा का स्वागत किया और भगवान झूलेलाल को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झूलेलाल जयंती हमें एकता, प्रेम, और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है । यह जयंती हमें अपने समाज में सामाजिक न्याय, समानता, और भाईचारे के महत्व को याद दिलाती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस जयंती के अवसर पर एकता और सामाजिक सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लें । डॉ. चोपड़ा ने स्वागत के दौरान सभी लोगों को झूलेलाल जयंती की शुभकामनाएं दी और सभी को इस जयंती के महत्व को समझने और इसके संदेश को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता मुन्ना साहू, हनीश बग्गा, शरद मदनकार, तथा शहर के समस्त सिंधी समाज के लोग और पदाधिकारियों समेत शहर के जनमानस भारी संख्या में उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को जागरूक करने टीवी उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

समवेत शिखर संवाददाता

छुरा। आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया।

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बी पी भोल द्वारा स्वागत भाषण के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम के संयोजक सुश्री प्रतिभा जायसवाल के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में 55 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन मिश्रा ने बताया कि भारत को 2025 तक टीवी मुक्त बनाना है इसी के तहत सभी नागरिकों को एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए टीवी उन्मूलन कार्यक्रम किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को टीवी कैसे होता है? उनके क्या-क्या लक्षण होते हैं और उनका 6 महीने के अंतर्गत कैसे दूर किया जाएगा इन सब की जानकारी प्रदान किया गया। प्रदूषण के कारण हमारी त्वचा में भी टीवी हो रहा है। टीबी एक संक्रामक रोग है 80त्न टीबी फेफड़ों में होता है जबकि 20 प्रतिशत टीबी नाखून और बाल को छोड़कर बाकी शरीर में होता है ?। आज की आधुनिक युग में आंख कान हड्डियों की इंटर जॉइंट, एंकल जॉइंट्स में टीवी हो सकता है। शरीर के किसी हिस्से में गठान भी टीवी हो सकता है

आईएसबीएम के द्वितीय मुख्य अतिथि अशोक कुमार दीवान के द्वारा सभी विद्यार्थियों को टीबी मुक्त हेतु शपथ दिलाया गया।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेंद्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, विकास साहू, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी पी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एन. के. स्वामी, सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा ।

जुडो वुमेंस लीग में आठ सफल लोगों को पुरस्कार मिला

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। अस्मिता खेलो इंडिया जुडो वुमेंस लीग सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर सभी वर्गो का रायपुर मे आयोजन हुआ इस प्रतियोगिता मे मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के 8 खिलाड़ी शामिल हुये जिसमे दामिन निषाद, संजना देवांगन, याचिका देवांगन, अनपूर्णा देवांगन, खुशी श्रीवास, नेहा साहू, अंजू निषाद व चंचल वर्मा ने सफलता प्राप्त करते हुये पुरस्कार जीते। उनकी इस सफ लता पर शिवरतन शर्मा, अश्वनी शर्मा, अरुण द्विवेदी, संभूराम सोनी, कैलाश बलानी, डॉ विकास आडिल, परमानन्द सचदेव, आर के फूटान, मुरलीधर राव, पीताम्बर साहू, पी किरन, अभय केशरवानी, राहुल शर्मा, यशवंत ध्रुव, नेहा वर्मा, संदीप रात्रे व बलराम यादव सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

न्यूज ब्रीफ

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाली एक महिला को किया गया गिरफ्तार

भाटापारा। आपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 31.03.2025 को थाना भाटापारा शहर की पुलिस टीम द्वारा नेहरू वार्ड भाटापारा में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाली एक आरोपिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपिया से 13,160 कीमत मूल्य का 116 पाव देशी मसाला शराब जब्त किया गया है। आरोपिया के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

घोड़ा नहीं तो बैल सही

छुरा। नगर छुरा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े से घोड़े पालकर घुस्वारी का आनंद लेते थे अक्सर शनिवार को साप्ताहिक बाजारों में लोगों को व्यवसायिक तरीके से उपयोग में लाने का दृश्य दिख जाता था मगर या परंपरा लगभग लुप्त हो चुका है नई तकनीक संसाधनों के आने से मनुष्य का दैनिक कार्य मशीनीकरण बन गया है या जमाने की बात हो गई है मगर ग्रामीण क्षेत्रों में शौक के तौर पर घोड़े के बजाय बैलों पर खुश्वरी कर मजा लेने का आनंद ग्रामीण क्षेत्रों में नगर से 5 किलोमीटर दूरी ग्राम जरगांव में देखने को मिला जहां युवक बैल पर खुश्वरी कर आनंद ले रहा था।

मोदी के पीएम स्कूल में किया गया

भाटापारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को 33700 करोड़ की सौगात दी गई जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में 130 नए पीएम श्री विद्यालय का लोकार्पण भी किया गया जिसका सीधा प्रसारण समस्त राज्य के पीएम श्री विद्यालयों में दिखाया गया जिसमें राज्य के शिक्षा विभाग से जुड़े समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुये इसी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट पीएम श्री विद्यालय शिवलाल मेहता में उपस्थित होकर उक्त कार्यक्रम को देखा एवं साथ ही बच्चों के साथ चर्चा कर पीएम श्री विद्यालय के विषय में और अधिक जानकारी दी एवं बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाई का महत्व समझाया इसके साथ ही डीईओ ने पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण किया एवं विद्यालय के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उक्त कार्यक्रम में राजेंद्र टंडन, जहीर अब्बास, दुर्गेश शर्मा व केशव देवांगन एवं अन्य स्टाफके लोग उपस्थित थे।

निधन

विरेन्द्र अग्रवाल

भाटापारा। संजय वार्ड निवासी विरेन्द्र अग्रवाल का निधन हो गया वे अंबुज अग्रवाल के पिता थे उनकी अंतिम यात्रा मे बडी संख्या मे लोग शामिल हुये व लोगों ने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की है।

व्यक्ति को शांति एवं समाज को क्रांति देने वाला शास्त्र है : श्रीमद् भागवत

दो परिवारों को पवित्र करती है बेटियां!

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। प्रहलाद नगर सूरजपुरा रोड में रिपुसूदन अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास के रूप में भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा अपने मुखारबिंद से उपस्थित जनसमुदाय को देवताओं को भी दुर्लभ श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करा रहे है उन्होंने बताया कि व्यक्ति को शांति व समाज को क्रांति देने एवं नर को नारायण पद प्राप्त करने के लिए उत्तम सोपान है श्रीमद् भागवत ।

भ्रूण हत्या एवं समाज में हो रही बेटियों की कमी के विषय में चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि कन्या रत्न है और जिस घर में कन्या का जन्म होता है वह परिवार मोक्ष का भागी होता है । बेटियां दो परिवारों को पवित्र करती है,कन्याओं की कमी से आज समाज का प्रत्येक वर्ग प्रभावित है और अभी भी नहीं जागे तो नवरात्रि में कन्या भोज के लिए कन्या व भाई की कलाई में राखी बंधवाने के लिए बहन ढूंढते रह जाओगे । वंश का नाम बेटियों से भी आगे बढ़ता है राजा जनक,दृरुपद सहित सैकड़ों उदाहरण है हमारे धर्म शास्त्रों में, इस धरा का संतुलन बना रहे इसके लिए बेटियों की सुरक्षा व संरक्षण आवश्यक है ।

कृष्ण जन्म पर उन्होंने बताया कि गाय का रूप धारण कर पृथ्वी देवताओं के पास गई व कहने लगी कि इसी प्रकार पाप कर्म होते रहे तो मैं रसातल में चली जाऊंगी तब ब्रह्म सहित सभी देवताओं की प्रार्थना पर भगवान ने कंस के कारावास में देवकी के गर्भ के जन्म लिया और पापियों का नाश कर पुनः धर्म की स्थापना की । भगवान के जन्मोत्सव पर बधाई गीतों पर कथा पंडाल में उपस्थित सैकड़ों भक्त झूमते नाचते रहे । भगवान के बाल चरित्र सुन श्रोता आनंदित होते रहे , गोवर्धन पूजन के माध्यम से भगवान ने हमे प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए वृक्ष,पर्वत, नदियों के संरक्षण का संदेश दिया । महारास लीला पर प्रकाश डालते हुए पंडित हरगोपाल शर्मा ने कहा कि काम को जीतने के लिए ही भगवान ने रासलीला की,यह कोई स्त्री पुरुष का मिलन नहीं, जीव और ईश्वर का मिलन था । गोपी उद्धव संवाद की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाया । हम प्रेम दीवानी है वो प्रेम दीवाना, ऐ उद्धो हम ज्ञान की, पोथी ना पढ़ाना । भजन को सुन श्रोताओं के नेत्र सजल हो गए । रुक्मिणी विवाह की कथा के मध्य बाराती बने श्रद्धालु झूमते नाचते रहे । भगवान के अन्य विवाह के साथ ही सुदामा चरित्र की कथा को सुन सभी भावविभोर हो गए । पंडित हरगोपाल शर्मा ने बताया जैसे बहने वालों में गंगा,देवताओं में श्री कृष्ण,वैष्णवों में भगवान शंकर,क्षेत्रों में काशी श्रेष्ठ है वैसे ही पुराणों में श्रीमद् भागवत श्रेष्ठ है जिसके आश्रय से मनुष्य की समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति होती है । सुकदेव विदाई एवं परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ ही कथा का विराम हुआ ।

कथा स्थल पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा , बेमेतरा जिले के पूर्व अध्यक्ष व भागवत वक्ता ओम प्रकाश जोशी, वार्ड पार्षद मोंटू ध्रुव अन्य जनप्रतिनिधियों,साधु संतों सहित सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन श्रोताओं का आगमन होता रहा ।

महिला कानूनी अधिकार क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। लोक आस्था सेवा संस्थान द्वारा आईपीएएस फंड के सहयोग से आक्शन हाल गरियाबंद में आयोजित किया गया। जिसमें गरियाबंद जिला के दूरस्थ स्थान से पिछड़ी जनजाति से कमार और भुजिया जनजाति के 100 से अधिक महिला शामिल हुई,जिसमें महिला अधिकार को लेकर अधिवक्ता दिव्या शर्मा ने बताया कि हमारे समाज में हक और अधिकार पाने के लिए लिए संघर्ष करना होगा कानूनी रूप महिलाओ को समानता का अधिकार रोजगार पाने के लिए समानता कानून द्वारा प्रदान किया गया है।

बाल विवाह, पैतृक संपति पर समान हक,घरेलू हिंसा जैसे कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और महिलाओं के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग का भी गठन के बारे बताया।इसके पश्चात रेवती यादव केंद्र प्रशासक सखी वनस्टॉप सेंटर से बताया कि महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर सखी वनस्टॉप सेंटर की मदद ले के सकते साथ ही बताया कि 2012 में निर्भया केस के बाद केंद्र सरकार ने 2015 में महिलाओं के सहायता के लिए इस योजना की शुरुआत किया और गरियाबंद में यह 2017 से संचालित है। छत्तीसगढ़ में 27 जिला में यह योजना संचालित है महिलाओं के सहायता के लिए 181 पर काल कर जानकारी दे सकते इसके यह 24 घंटा महिलाओं के कार्य के लिए तत्पर है।घरेलू हिंसा के अंतर्गत भी शिकायत कर सकते है इसके तहत महिलाओं को काउंसलिंग,विधिक सहायता,स्वास्थ्य और 5 दिवस तक निवास की व्यवस्था की जाती है यह महिलाओं के लिए ही है।वही नीरज झारे ने पॉक्सो एक्ट के बारे में बताया कि इसके तहत आरोपी को उम्रकैद से लेकर मृत्यु दंड तक की सजा का प्रावधान इस कानून के तहत किया गया इसके बाद संस्था अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस हमारी सुरक्षा के लिए जब एफआईआर दर्ज करती है तो हमें उसका कॉपी मांगने का हक है।इसकी जानकारी हम प्राप्त कर सकते है।अंत में संस्था सचिव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए महिला उत्पीड़न कानून 2013 के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और बताया कि महिलाओं को अपने हक के लिए जागरूक होने जरूरत है समाज में महिआलो को भी समानता की अवसर प्रदान करने आवश्यकता है ताकि समाज में महिलाओं को समानता प्रदान हो सके और महिलाएं आगे आ सके ।

धूमधाम से मनाया गया समरसता और भाईचारे का पर्व ईद

समवेत शिखर संवाददाता



कुरूद। माहे रमज़ान रोजे और इबादत में गुजार मुस्लिम भाइयों ने मोहब्बत और भाईचारें का पर्व ईदुल फित्तर सभी भाइयों से गले मिलकर मनाया। सियासी दलों के नेता, अधिकारी एवं हिन्दू समाज के लोगो ने ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम भाईयों को गले लगाया और साथ बैठकर मिठी सेवाईयां खाई।

सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे ईदगाह मैदान में हाफिज अमानुल्लाह कादरी ने ईदुल फित्तर की सामुहिक नमाज अदा कराई। बाद नमाज सलातो सलाम का नजराना पेश कर पूरे कायनात में अमनों सकुन की दुआ मांगी गई। नुरानी यंग कमेटी की ओर से सभी को सेवाइयां खिलाई गई। तत्पश्चात सभी ने कब्रस्तान एवं मजारों में जाकर मरहुमीन के हक़ में फातेहा पढ़ी। इसके पूर्व रविवार को बाद नमाज़ ईशा मस्जिद में दस दिनों तक ऐतेकाफ में बैठे ताहीर रज़ा का समाज प्रमुख अय्युब ख़ान, गफ्फार हलारी, मोज्जम शाहबुद्दीन, शेख युनूस, शेख़ जमील, इस्लाम रज़ा, मुजीब खां आदि ने गुलपोशी के साथ इस्तेकबाल किया।

ज्ञात हो कि रमजान के महिने में पुरे उन्तीस दिन मस्जिद हॉल में रोजा इफ्तार एवं खाने का इंतजाम समाज के लोगों द्वारा किया गया। रात में विशेष नमाज तरावीह में कलाम पाक की तिलावत की गई। ईद के दिन सुबह विधायक अजय चन्द्राकर ने फोन पर और विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर, नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद मनीष साहू, पूर्व पार्षद खिलेन्द्र चन्द्राकर, चंदन शर्मा आदि ने ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम भाईयों को पर्व की मुबारक़बाद दी। इस मौके पर हाजी सै. हसन अली, सुलेमान हलारी, शेख बब्बू, हकीम खान, लतीफ उस्मानी, जिकर भाई, कासम अली,जमाल रिजवी, सफी खान, अजीज खां, अमीन हलारी,अहमद भाई, मो.युसूफ़ इमरान बेग, इसहाक खां, शेख शाहबुद्दीन, गयासुद्दीन, समसु, अख्तर खान, मेहबूब भाई, फ़ैज़ खान, सलीम गोरी, सरफ़राज शेख़, रिजवान रिजवी, फरजान, वकार खान, अरमान कुरैशी, जाहिद शेख, रहिम कुरैशी, मुन्ना, जावेद, आबिद भाई सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

कलेक्टर ने किया आश्रम-छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिला मुख्यालय स्थित आश्रमछात्रावासों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे।उन्होंने शासकीय कन्या आश्रम,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तथा शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम का निरीक्षण किया।कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने इन छात्रावासों में छात्राओं को मिलने वाली सुविधाएं,नाश्ता,भोजन,आवास,खेलकूद सामग्री एवं पुस्तकालय,विद्युत व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता,शौचालय, शयन कक्ष,किचन का भी अवलोकन कर छात्रावास अधीक्षिका एवं वहां मौजूद छात्राओं से जानकारी ली।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास गरियाबंद के बच्चियों से चर्चा के दौरान कहा कि अभी परीक्षाएं चल रही है। अच्छे से मेहनत करें।चर्चा के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली।इस पर कलेक्टर ने छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों में भी सक्रिय रहने को कहा। साथ ही अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए प्रेरित किया।कलेक्टर ने कहा कि आप लोग घर से दूर रहकर यहां पढ़ाई करने आये हैं।अपने भोजन एवं अपनी सेहत का ध्यान रखें। छात्रावासों में मौजूद छात्रावास अधीक्षिका को निर्देशित किया कि छात्राओं को समय पर भरपेट ताजा भोजन एवं नाश्ता निर्धारित मीनु के अनुसार ही गुणवत्तायुक्त आहार प्रदान किया जाये। इसके अलावा छात्राओं का प्रतिमाह निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी कराये।

कलेक्टर ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों से सवाल-जवाब एवं अंग्रेजी,हिंदी तथा सामान्य जानकारी के साथ अन्य विषयों की जानकारी ली।इस पर कुछ छात्राओं ने सही ढंग से जवाब नही देने तथा कक्षा सातवी की शिक्षिका अंजना ध्रुव द्वारा विषय की जानकारी सही तरीके से नहीं होने पर उन्हें अन्यत्र जगह हटाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वहां के सभी स्टॉफ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम गरियाबंद के पुराने जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिये।कलेक्टर देवभोग रोड स्थित शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम के सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से बातचीत की।साथ ही किचन, स्टोर रूम इत्यादियों का अवलोकन किया। उन्होंने आश्रम-छात्रावास के शिक्षकों को कहा कि सभी सामग्रियों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये।इस दौरान शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम के अधीक्षिका रामकुमारी ध्रुव द्वारा सामग्रियों को व्यवस्थित नहीं रखने पर उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान का सपना पूरा किया गया है

समवेत शिखर संवाददाता

तिल्दा नेवरा। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को लिए वरदान साबित हो रही है. इससे न सिर्फगरीबों को उनके सपनों की छत मिल पा रही है बल्कि, भारत सरकार की इस योजना से देश में गरीबी उन्मूलन में भी मदद मिल रही है.इस योजना से हर साल लाखों लोगों को पक्के आवास मुहैया कराए जा रहे हैं.

निम्न आय वाले और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अपने पक्के घर का सपना साकार हो रहा है. आर्थिक रूप से पिछड़े नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार हो रहा है और उन्हें अपना खुद का घर मिल पा रहा है,

जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा के सी इ ओ विवेक गोस्वामी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड तिल्दा नेवरा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक 6755 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसमे से 6576 आवास पूर्ण कर लिया गया है तथा वर्ष 2024-25 में 7625 आवास निर्माण हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसमे से 6637 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसके विरुद्ध 1970 आवास पूर्ण किया जा चूका है शेष आवास निर्माणाधीन है 7 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 30 मार्च को महा गृह प्रवेश उत्सव मनाया गया कार्यक्रम जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायतो में जोर ङ्क शोर से मनाया गया यह आयोजन न केवल एक सरकारी योजना की सफलता का प्रतीक है , बल्कि हजारों ग्रामीण परिवारों के सपनों के घर में प्रवेश करने का ऐतिहासिक दिन भी साबित हुआ ।

अवैध शराब बंद कराने ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाई

समवेत शिखर संवाददाता

खरोरा। ग्राम मुड़पार में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है, जिससे बड़ों के साथ अब बच्चे भी शराब के आदी हो रहे हैं। अवैध शराब बिक्री के खिलाफ महिलाएं लामबंद हो गई हैं।

महिलाओं ने एकजुट होकर अवैध शराब बिक्री को बंद कराने का फैसला लिया है7 महिलाओं का कहना है कि गांव में अवैध शराब बिक्री होने की वजह से बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं, क्योंकि यह आसानी से मिल जा रहा है। शराब के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। रोज लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज आम बात हो गई है। गांव में अवैध शराब के वजह से एक युवा आत्महत्या कर चुका है तथा गांव में अशांति फैल रही है व दहशत का माहौल है।

अवैध शराब, गाली गलौज व जुआ बंद कराने के लिए गांव की महिलाएं व ग्रामीण एकजुटता के साथ गली भ्रमण करते हुए विरोध दर्ज कराया जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच यामिनी टिकेश्वर यादव, लोचन वर्मा, मोना वर्मा, शकुन देवांगन, शशी मानिकपुरी, गोदावरी वर्मा, शारदा धीवर, कामिनी यादव, सुशीला खुंटे, सरस्वती धीवर, दुलारी वर्मा, लता देवांगन, पूजा वर्मा, उर्मिला वर्मा, शांति धीवर, संतोष धीवर, राजेन्द्र यदू, बलीराम यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिक्षक मोहनलाल सम्मानित किए गए

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के संयोजकत्व में चिन्मय सागर चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अंचल के शिक्षक मोहन लाल वर्मा को उनके द्वारा शिक्षा, खेलकूद, ज्ञान दान, साहित्य साधना, समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिये चिन्मय अलंकरण के रुप में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार शिक्षा रत्न अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। उक्त शिक्षक पूर्व में भी छत्तीसगढ़ सहित अनेक प्रांतीय साहित्यिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं तथा छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर होने वाले शिक्षक अलंकरण के लिए भी इनका चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ के राजभवन के दरबार हाल में आयोजित होने वाले उक्त गरिमामयी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षक मोहनलाल वर्मा छत्तीसगढ़ राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किये जायेंगे। उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा, अशोक जैन, प्रकाश मोदी, सुमनलता जैन, अश्विनी शर्मा, अभिषेक मोदी, आलोक मोदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अश्वनी शर्मा ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बांटे पुरस्कार

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। नगर पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल टिकुलिया मे आयोजित परीक्षा परिणाम घोषणा कार्यक्रम मे शामिल होकर वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सफलता की खुशी मे शामिल होते हुये सभी उर्त्तीण छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी साथ हीं उर्त्तीण हुये छात्र-छात्राओं को शर्मा ने पुरस्कार वितरण कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि शिक्षा ही समाज व राष्ट्र के विकास की आधारशिला है आज के विद्यार्थी कल के हमारे समाज व राष्ट्र के निर्माता होंगे व शिक्षा के जरिये ही आगे चलकर नई उचांईयो को प्राप्त कर सकेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम मे प्राचार्य संतोष सिंग, सरपंच अजय साहू, पीलूराम वर्मा सहित शाला विकास समिति के सदस्य व पालकगण डीएव्ही स्कूल के स्टाफ के लोग उपस्थित थे।

भक्तों ने महामाया-शीतला का दर्शन कर जल यात्रा में शामिल हुए

समवेत शिखर संवाददाता

खरोरा। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर देवी भागवत का आयोजन वार्ड क्रमांक 7 कृष्णा चौक धर्मानगर खरोरा के पावन धरा धाम पर पूज्य आचार्य शशांक शुक्ला महाराज क्रांतिकारी वक्ता जी के मुखारविंद से देवी भागवत श्रवण पान करने का भक्तों को शुभ अवसर प्राप्त हो रहा है प्रथम दिवस कलश यात्रा में अनेक माताएं बहने कलश को मस्तक में धारण करके नगर के महामाया मैया शीतला मैया का दर्शन करते हुए जल यात्रा में सम्मिलित हुए।

पश्चात वेदी पूजन और महात्मा की कथा महाराज जी के मुखारविंद से श्रवण किए जिसमें महाराज श्री ने बताया हम सभी को नवरात्रि में नौ दिनों तक नियम और संयम का पालन करना चाहिए सभी को नवरात्र में यथा संभव व्रत रखें देवी मैया को प्रसन्न करने का प्रयास करते रहना चाहिए मंत्रों के द्वारा माता जी का अर्चन के द्वारा पूजन करना चाहिए मां भगवती अपनी सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं महाराज श्री सभी जनमानस को हिंदू नववर्ष की भी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना माता रानी के चरणों में निवेदन किए।

न्यूज ब्रीफ

पत्नी ने बेटी संग मिलकर पति की दी सुपारी

कोरिया। कोरिया जिले में एसईसीएल में अस्थायी कर्मचारी की हत्या में पुलिस ने उसकी पत्नी और बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी आए दिन पति की शराब पीकर मारपीट करने और गाली-गलौज से परेशान थी। इतना ही नहीं पत्नी और बच्चों को घर में बंद कर ड्यूटी जाता था। रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग आकर उसने एक लाख की सुपारी देकर पति की हत्या करवा दी थी। दरअसल, 29 मार्च को कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़गांव कोसाबारी के पास एक पुलिया के नीचे कंबल और दरी में लिपटा शव मिला। जांच में पता चला कि शव खुटरापारा निवासी अशोक कुमार कुर्रे का है। अशोक एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय में फाइल बाइंडिंग और चाय पिलाने का काम करता था। उसकी पत्नी सांता कुर्रे ने 21 मार्च को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

डीजे की तेज साउंड से गिरा छज्जा, एक बच्चे की मौत

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में छ्छ्ष की तेज साउंड से छज्जा गिरने के कारण एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में छ्छ्ष की तेज आवाज से मकान का छज्जा गिर गया। हादसे में 5 बच्चे समेत 10 लोग घायल हो गए। इसमें से एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हिंदू नववर्ष की शोभायात्रा के दौरान हादसा हुआ है। मामला मस्तूरी थाना के मल्हार चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वाले का नाम प्रशांत केंवट (11) है। कक्षा 6वीं का छात्र था। मलबा गिरने से प्रशांत का सिर फूट गया। वहीं दीपक केंवट (15), दीपेश केंवट (14), हेमंत कैवर्त (13) और चंद्रशेखर केंवट (25) समेत 9 लोगों को गंभीर चोट आई है। 7 महीने पहले बलरामपुर में भी छ्छ्ष की साउंड से एक युवक की मौत हो गई थी।

लगातार चुनावी हार के बाद कांग्रेस की नई रणनीति

भोपाल। 3 अप्रैल को दिल्ली में मध्य प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों की बैठक होगी। लगातार चुनावी हार और दल-बदल से नुकसान झेल रही कांग्रेस अब जिला संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी कड़ी में 3 अप्रैल को दिल्ली में मध्य प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों की बैठक होगी। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल शामिल होंगे। इस दौरान जिला अध्यक्षों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और संगठन को मजबूत करने पर मंथन होगा। कांग्रेस संगठन इस बात पर जोर दे रहा है कि जिला अध्यक्षों को अधिक अधिकार दिए जाएं ताकि वे अपने जिले में संगठनात्मक फैसलों में अहम भूमिका निभा सकें। एआईसीसी ने जिला संगठनों को सशक्त बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने पार्षद से लेकर सांसद तक के टिकट वितरण में जिला अध्यक्षों की भूमिका को अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया है। चुनाव समिति की बैठकों में भी जिला अध्यक्षों की राय को प्राथमिकता दी जाएगी।

केवराडीह-डकैती : रिटायर्ड पुलिसकर्मी ने रची थी साजिश

पुलिस ने 15 आरोपी को किया गिरफ्तार, 3 अभी फरार, 40 करोड़ कैश, 16 किग्रा सोना के चक्कर में वारदात को दिया अंजाम

समवेत शिखर न्यूज

खरोरा/रायपुर। 27 मार्च को आधी रात खरोरा के केवराडीह गांव में हुई 6 लाख की डकैती का पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस ने इस डकैती का खुलासा करते हुए 15 आरोपी को गिरफ्तार किया है। 3 आरोपी फरार है। पुलिस ने बताया कि इस डकैती का मास्टरमाइंड केशला गांव का रिटायर्ड हवलदार है। उसने बलौदाबाजार एसपी कार्यालय के लिपिक और 15 अन्य लोगों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों को पीड़ित के घर 40 करोड़ कैश और 16 किलो सोना होने की सूचना मिली थी। इसके बाद मास्टरमाइंड रिटायर्ड पुलिसकर्मी ईश्वर रामटेके, देवराज डहरिया, और सोना बारमते ने डकैती कांड की पूरी स्क्रिप्ट लिखी। तीनों ने मिलकर 18 लोगों का गिरोह बनाया और वारदात को अंजाम दिया।

मुख्य आरोपी देवराज डहरिया पहले पीड़ित राधेलाल भारद्वाज के संपर्क में था। दोनों के बीच व्यवसायिक मनमुटाव था, जिससे दुश्मनी बढ़ गई। देवराज को विश्वास था कि भारद्वाज के घर बड़ी मात्रा में नकदी और सोना-चांदी है। इससे डकैती कांड के हर मेंबर करोड़पति बन जाएंगे। देवराज ने खुद अफवाह फैलाई कि भारद्वाज के घर 40 करोड़ रुपए और 16 किलो सोना रखा है। इसके बाद साथियों को इकट्ठा किया। आरोपी 3 फोर व्हीलर से और एक बाइक पर आए थे। 7 लोग घर में घुसे, बाकी घर के बाहर निगरानी कर रहे थे। परिवार को बंधक बनाकर डकैती की।

दरअसल, 27 मार्च 2025 को किसान राधेलाल के घर में डकैती हुई थी। घर में उनकी पत्नी, मां, एक बेटी और बहू थी। यह सभी अलग-अलग कमरे में सो रहे थे, तभी रात करीब 2 बजे 7 आदमी आए। शोरगुल की आवाज सुनकर घर के अन्य लोग भी उठ गए। पीड़ित ने बताया कि, अचानक उनके कमरे में 2-3 लोग आ गए। हाथ में तलवार, बंदूक और चाकू लिए थे। गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। वे लोग कहने लगे सभी चुप रहो, चुप रहो। चिल्लाना मत नहीं गोली मार देंगे बोलकर तलवार से हमला करने लगे थे। कैश और जेवर के बारे में पूछ रहे थे। पीड़ित राधेलाल ने बताया था कि, डकैतों ने कुछ फैमिली मेंबर के हाथ पर भी बांध दिए थे। इसके बाद डकैतों ने घर में रखे अलमारी से कैश और जेवर निकालकर एक बैग में रखकर वहां से भाग निकले। इसके बाद राधेश्याम ने करीब 3 बजे रात खरोरा पुलिस को सूचना दी थी। वारदात के बाद पुलिस ने डॉग स्क्वायड की जब मदद ली गई तो स्निफर डॉग राधेलाल के घर से निकलकर गांव के बाहर लाली डबरी तक जाकर लौटता रहा। उसके आगे बलौदाबाजार हाइवे सड़क जाती है। अनुमान लगाया गया कि डकैत इसी रास्ते से दूसरे जिले में भाग हैं। इस पर बलौदाबाजार, बेमेतरा और अन्य जिलों को भी अलर्ट किया गया। रिटायर्ड पुलिसकर्मी ईश्वर रामटेके साजिश में ये भी शामिल था। अपने 2 साथियों के साथ मिलकर साजिश रची थी। रायपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह ने पुलिस की 10 स्पेशल टीमों का गठन किया, जिसने तकनीकी और वैज्ञानिक तरीकों से जांच शुरू की। आसपास के जिलों में नाकेबंदी की गई। फोरेंसिक और डॉग स्क्वाड की मदद ली गई। मुखबिरों की सहायता से संदिग्धों की पहचान की गई।

गिरफ्तार 15 आरोपी

देवराज डहरिया (30), सप्तऋषि राज (52), अलख निरंजन रजक (47), जितेंद्र पाठक (33), तिलक वर्मा (58), किशन वर्मा (34), रूपेश साहू (36), पिंकू राजपूत (20), ईश्वर रामटेके (66)-रिटायर्ड पुलिसकर्मी, सूरज सेन (25), छत्रपाल उर्फ राजू (27), गज्जू चंद्रवंशी (25), प्रकाश मिश्रा (31), साहिल खान (27) व सोना बारमते उर्फ सोनू (35) शामिल है।

सांड ने रिटायर्ड बीएसपी कर्मी को पटककर मार डाला

भिलाई। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सांड ने क्क्स्क्क के रिटायर्ड कर्मचारी को सड़क पर पटक-पटककर मार डाला। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग बाजार के निकले थे, तभी सांड ने दौड़ा-दौड़ाकर हमला किया। सींग से मारने और पैरों से कुचलने का वीडियो भी सामने आया है। मामला भिलाई के स्मृति नगर चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वाले का नाम सियाराम साहू (81) है, जो अपनी बेटी श्यामा साहू के साथ घर में रहते थे। वह बाजार की तरफ सामान लेने के लिए निकले थे। इसी दौरान सांड आया और सियाराम दौड़ा दिया। यह घटना 26 मार्च की है। सांड के मारने की घटना छ्छ्ष्ष्ष्ङ्क्ष्ङ्क्ष कैमरे में कैद हो गई है। छ्छ्ष्ष्ङ्क्ष्ङ्क्ष फुटेज में दिख रहा है कि काले कलर का सांड सियाराम को पहले दौड़ाया, जिससे बुजुर्ग थककर जमीन पर गिर गए। इस दौरान सांड ने उन्हें सींग से उठाकर पटक दिया। वीडियो में दिख रहा है कि बुजुर्ग को बार-बार सींग से मार रहा है। पैरों से कुचल रहा है। जब बुजुर्ग जमीन पर बुरी तरह घायल होकर लेट जाता है, तो वह भाग जाता है। बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई, शरीर से खून भी निकला। वहीं रास्ते से गुजर रहे कुछ लोग बुजुर्ग को उठाते हैं। वहां से राहगीर सियाराम साहू को तत्काल हाइटेक अस्पताल लेकर जाते हैं। गंभीर हालत में अस्पताल में 4 दिन तक भर्ती रहे, फिर रविवार (30 मार्च) को दम तोड़ दिया। सांड के आतंक के बाद वार्ड और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सांडों को गौठान में रखना चाहिए, लेकिन निगम ने उन्हें खुले में छोड़ दिया है। निगम की लापरवाही के कारण लोगों की जान जा रही है।

नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की मौत

समवेत शिखर संवाददाता

सूरजपुर। युवक की पत्नी ने उसे शराब की लत से छुटकारा दिलाने 3 दिन पहले नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था।

सूरजपुर के नशा मुक्ति केंद्र में एक 36 साल के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की पत्नी ने उसे शराब की लत से छुटकारा दिलाने 3 दिन पहले नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि उसे बांधकर पीटा गया, जिससे उसकी मौत हुई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। तेजपुर पोड़ी निवासी विजय देवांगन (36) शराब पीने का आदी था। उसकी पत्नी ने 26 मार्च 2025 को उसे नशा छुड़ाने के उद्देश्य से सूरजपुर के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। वहीं, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने सोचा था कि नशा मुक्ति केंद्र विजय की नशे की लत छुड़ाने में मदद करेगा, लेकिन 2 दिन बाद, 28 मार्च की रात, उन्हें नशा मुक्ति केंद्र से फोन आया कि विजय की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। जब परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि विजय की मौत हो चुकी है। मृतक के चाचा ससुर ने कहा कि 26 मार्च की शाम को विजय को भर्ती कराया गया था। 28 मार्च की शाम को फोन आया कि उसे अटैक आया है। हम लोग जिला अस्पताल गए।

डूबते भाई को बचाने कूदी बहन, दोनों की मौत

पिता ने बाहर निकाली लाश, बलरामपुर में खेलते-खेलते तालाब में नहाने चले गए थे 4 बच्चे

समवेत शिखर संवाददाता

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में तालाब में नहाने गए भाई-बहन की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, भाई को डूबता देख बहन बचाने के लिए कूद गई। इसी दौरान दोनों डूब गए। घटना रामानुजगंज थाना इलाके के तातापानी चौकी की है।

जानकारी के मुताबिक, सुभाषनगर गांव के तालाब के पास सोमवार दोपहर नेहरूनगर के रहने वाले मानवी मिस्त्री (14 साल), उसका भाई मोहित मिस्त्री (9 साल), सुभाषनगर के 2 बच्चे टिया और आनंदी मंडल खेल रहे थे। खेलते-खेलते तालाब के पास चले गए।

इस दौरान 9 साल का मोहित तालाब में उतरकर नहाने लगा। नहाने के दौरान वो गहरे पानी के अंदर चला गया। उसे अचानक डूबता देख बहन मानवी उसे बचाने के लिए तालाब में कूद गई। भाई को बचाते-बचाते वह भी गहरे पानी में चली गई। जिससे दोनों डूब गए।

बाकी दो बच्चों ने भी उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों को डूबता देख वे बाहर निकल गए। तालाब से भागकर गांव पहुंचे, जहां ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। आनन-फानन में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे।

मानवी-मोहित के पिता विश्वनाथ मिस्त्री ने तालाब में कूदकर दोनों को बाहर निकाला। तब तक उनकी सांसें थम चुकी थी। दोनों को रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि, सोमवार को छुट्टी होने के कारण चारों बच्चे खेलने चले गए थे। खेलते समय तालाब के पास पहुंच गए। हादसे में एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत से नेहरूनगर में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल, दोनों शव का रामानुजगंज में पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

न्यूज ब्रीफ

प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता

जगदलपुर । कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील दरभा के अंतर्गत ग्राम कामानार निवासी कमली पति जलदेव की मृत्यु पानी में डूबने से पति श्री जलदेव को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में अंतरित किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

अनुपस्थित चौकीदार को तत्काल उपस्थित होने के निर्देश

जगदलपुर। अनुविभागीय कृषि अधिकारी जगदलपुर द्वारा कार्यालय में पदस्थ चौकीदार सुकालू राम यादव को सूचित किया गया है कि विगत 03 अक्टूबर 2024 का आकस्मिक अवकाश आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात आज पर्यंत लगातार बिना किसी सूचना के अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित हैं। इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 593 दिनांक 22 अक्टूबर 2024 एवं 614 दिनांक 05 नवम्बर 2024 एवं 640 दिनांक 28 नवम्बर 2024 एवं अंतिम स्मरण पत्र क्रमांक 803 दिनांक 15 जनवरी 2025 द्वारा सम्बन्धित को तत्काल कार्य पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया।

बंजारी माता मंदिर में प्रज्ज्वलित हुए 231 मनोकामना ज्योत

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्गूकोंदल। आदि शक्ति बंजारी माता मंदिर हाहालददी दुर्गूकोंदल में रविवार को शुभ मुहूर्त में पंडित तमेश्वर प्रसाद तिवारी द्वारा पूजा अर्चना कर जोत प्रज्ज्वलन कराया गया। इसके साथ नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हुई। मंदिर में 231 श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराया है।हर बार की तरह इस बार भी छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों ओडिशा, उत्तरप्रदेश, हरियाणा से भी श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश प्रज्जवलित कराया है।समिति के अध्यक्ष हरिशचंद सिन्हा, उपाध्यक्ष सावत राम साहू, सचिव भूपेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष सोहन लाल सिन्हा, गोवर्धन नरेटी, भगवानी राम, मोहन लाल, प्रवीण कुमार सिन्हा ने बताया मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर रोजाना रामायण, जस-गीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

चारामा नगर पंचायत के वार्ड पार्षद की जनसुनवाई वार्ड पार्षद को मिले विकास कार्यों के 14 आवेदन

समवेत शिखर संवाददाता

कांकेर। चारामा नगर पंचायत के वार्ड पार्षद उत्तम साहू ने जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई एवं सुझाव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को हर महीने आयोजित करने की योजना है।

पार्षद साहू ने कहा कि वे वार्ड में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनता को अपनी समस्याएं सामने लाना जरूरी है। उनका लक्ष्य नगर पंचायत चारामा का विकास और केंद्र-राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें प्रमुख मांगें हैं - लाइब्रेरी का निर्माण, आवास योजना का लाभ, सड़क और नाली निर्माण, बच्चों के लिए बालझूला, नियमित सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन। साथ ही चिकित्सा सहायता, मुख्य राजमार्ग से धूल हटाने, गौजल पात्र, समता रंग मंच में शेड निर्माण और स्ट्रीट लाइट की मांग भी की गई है। नलजल आपूर्ति, कफन-दफन श्रद्धांजलि राशि और हाईटेंशन पोल हटाने की मांग भी शामिल है। सभी आवेदनों को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। इन समस्याओं के समाधान के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की जाएगी।

कांकेर कलेक्टर का भानुप्रतापपुर-दुर्गूकोंदल दौरा, तहसील कार्यालय, आंगनबाड़ी और निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण

पेयजल व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम स्थापित, समस्या समाधान टोलफ्री नम्बर

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार राज्य में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पेयजल समस्या समाधान हेतु कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही टोलफ्री नम्बर जारी किया गया है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता और उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव की उपस्थिति में गत 24 मार्च 2025 को आयोजित बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान प्रदेश में पेयजल प्रदाय की सुदृढ़ व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

उक्त निर्देश के परिपालन में बस्तर संभाग के सभी जिलों में हैंडपंपों का सुधार अभियान चलाया जा रहा है। आवश्यक होने पर हैंडपंपों में राइजर पाइप बढ़ाने व बदलने का कार्य भी किया जा रहा है। मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बस्तर परिक्षेत्र जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार हेण्डपम्पों के समुचित संधारण के लिए पर्याप्त मात्रा में स्पेयर पार्टस एवं राइजर पाइप की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। वहीं सभी जिलों में विशेष संधारण वाहन भी चलाए जा रहे हैं।

बस्तर संभाग में संचालित सोलर आधारित पेयजल योजनाओं का भी क्रेडा के माध्यम से रख-रखाव सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही खण्ड और उपखण्ड एवं विकासखण्ड स्तर पर पेयजल व्यवस्था हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में पेयजल समस्या से संबंधित शिकायत हेतु टोलफ्री नम्बर 1800-233-0008 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और ग्राम पंचायतों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर दीवार लेखन किया गया है। उक्त टोलफ्री नंबर में आम जनता से प्राप्त होने वाले समस्याओं एवं शिकायतों का संवेदनशीलता से त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

कोंडागांव में सीआरपीएफ जवानों ने की कलश स्थापना, मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की

बटालियन की सुरक्षा और समृद्धि के लिए प्रार्थना

कोंडागांव। कोंडागांव स्थित ष्टक्रक्क्र की 188वीं वाहिनी के मुख्यालय चिखलपुट्टी में मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। द्वितीय कमान अधिकारी नितीन्द्र नाथ के नेतृत्व में जवानों और अधिकारियों ने भक्तिभाव से कलश स्थापना की।

इस दौरान मंत्रोच्चारण और घंटियों की मधुर धुन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जवानों के साथ उनके परिवार के सदस्यों ने भी पूजा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उप कमांडेंट अभिजीत काले, सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश विश्नोई और चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चंद्रन आर.पी. समेत वाहिनी के कई अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर बटालियन की सुरक्षा और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। यह आयोजन सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि बटालियन की एकता का प्रतीक भी है। सीआरपीएफ के जवान देश की सुरक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं को भी बनाए रखते हैं। नौ दिन चलने वाले इस पर्व में रोज विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी।

खेल-व्यापार-मनोरंजन

हमने गलतियां की और मैदान पर पेशेवर रवैया नहीं दिखाया: पंड्या

नई दिल्ली। मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ 36 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम ने काफी गलतियां की और पेशेवर रवैया नहीं दिखाया। .

टाइटंस के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स की टीम प्रसिद्ध कृष्णा (18 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (34 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सूर्यकुमार यादव (48) और तिलक वर्मा (39) के बीच तीसरे विकेट की 62 रन की साझेदारी के बावजूद छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। टाइटंस ने इससे पहले साई सुदर्शन की 41 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों से 63 रन की पारी तथा कप्तान शुभमन गिल (38) के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 78 और जोस बटलर (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 196 रन बनाए। पंड्या ने मैच के बाद कहा, '' कुछ गलतियां हुईं, हम मैदान में काफी पेशेवर नहीं थे जिसकी वजह से हमें शायद 20-25 रन का नुकसान हुआ। उन्होंने (टाइटंस के सलामी बल्लेबाजों) पावरप्ले में सही काम किया, उन्होंने ज्यादा जोखिम वाले शॉट नहीं खेले, उन्होंने काफी रन बनाए और इससे हम बैकफुट पर आ गए।''

न्यूजीलैंड ने पहला वनडे 73 रन से जीता, चापमैन ने शतक लगाया

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले वनडे में 73 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 3 मैचों वाली वनडे सीरीज का पहला मुकाबला शनिवार को न्यूजीलैंड के नापियर में खेला गया।

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर फिल्डिंग चुनी। कीवी टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 344 रन बनाए। 345 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम 44.1 ओवर में 271 रनों पर सिमट गई।

मार्क चापमैन ने खेली शतकीय पारी : मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चापमैन ने शतक लगाया। उन्होंने 111 गेंदों पर 132 रन बनाएं। इसमें 13 चौके और 6 छक्के शामिल है। वे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे। उनके अलावा डेरिल मिचेल ने भी 76 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। पाकिस्तान के इरफान खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके।

पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी मोहम्मद अब्बास ने 24 गेंदों पर वनडे इतिहास में डेब्यू करते हुए सबसे तेज 50 रन बनाए। उन्होंने 52 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 3 छक्के लगाएं। अब्बास से पहले यह रिकॉर्ड भारत के ईशान किशन के नाम पर था। उन्होंने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ 33 गेंदों में 50 रन बनाए थे। टारगेट का पीछा करते हुए पाकिस्तान के बाबर आजम ने 93.97 के स्ट्राइक रेट से 83 गेंदों पर 78 रन बनाएं। वहीं सलमान आगा ने 48 गेंदों पर 58 रन बनाएं। न्यूजीलैंड के नाथन स्मित ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

आसिफ शेख, ज़ारा वारसी और सलीम ज़ैदी ने बताया-इस बार कैसी होगी उनकी ईद!

मुंबई। ईद का त्यौहार मिल-जुलकर खुशियां मनाने और अपनों के लिये प्यार जताने का मौका देता है। एण्डटीवी के कलाकार भी अपने प्रियजनों के साथ यह त्यौहार मनाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। स्वादिष्ट पकवानों का आनंद उठाने से लेकर ईदी देने और लेने तक, हर कलाकार के पास ईद को यादगार बनाने का एक खास तरीका है। कुछ कलाकार अपने होमटाउन में ईद मनाकर अपने बचपन की यादों को ताजा करेंगे, जबकि कुछ अपने परिवार तथा दोस्तों के साथ छोटे पैमाने पर त्यौहार मनाने की तैयारी कर रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा, 'भाबीजी घर पर हैं'), ज़ारा वारसी (चमची, 'हप्पू की उलटन पलटन') और सलीम ज़ैदी (टिल्लू, 'भाबीजी घर पर हैं')। 'भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा, ऊर्फ आसिफ शेख ने बताया, ''ईद हमेशा मेरे दिल के करीब रही है और यह त्यौहार मुझे प्यार, खुशी तथा पारिवारिक एकजुटता की भावना से भर देता है। हालांकि, इस साल मेरी सेहत कुछ खराब है। मुझे हाल ही में सेट पर साइटिका का तेज दर्द उठा था और हालात मेरे लिये मुश्किल हो गये। लेकिन इससे मेरा त्यौहार मनाने का उत्साह फीका नहीं पड़ने वाला है। मैं अपने प्रियजनों के साथ मिलकर जरूर जश्न मनाउंगा। पारिवारिक स्नेह, त्यौहार के लिये उनका तैयार होना और ईद के व्यंजनों का मजा लेना मुझे सबसे ज्यादा अच्छा लगता है। मैं ज्यादा इधर-उधर घूम नहीं पाऊंगा, लेकिन ईद प्यार और एकजुटता का एहसास देगी और यही सचमुच मायने रखता है। मैं अपने सभी प्रशंसकों के प्यार और मेरे लिये उनकी चिंता को सराहना करता हूँ। मैं सभी को खुशियों, सेहत और समृद्धि से भरी ईद की शुभकामनाएं देता हूँ।'

एण्डटीवी के दरोगा हप्पू सिंह और दबंग दुल्हनिया राजेश रामनवमीं पर अयोध्या में करेंगे श्री रामलला के दर्शन

मुंबई। एण्डटीवी की 'घरेलू' कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' ने हँसी और दिल छू लेने वाली कहानियों से दर्शकों का मनोरंजन करने के 6 साल सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। इस खुशी का जश्न मनाने और भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए, शो के मुख्य कलाकार, योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह) और गीतांजलि मिश्रा (राजेश हप्पू सिंह), राम नवमी के शुभ अवसर पर अयोध्या में पवित्र श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन करने जाएंगे। राम नवमी का त्योहार पूरे देश में बड़े भक्ति-भाव से मनाया जाता है, इस दिन भगवान राम का जन्म हुआ था और इसका बहुत आध्यात्मिक महत्व है। योगेश त्रिपाठी और गीतांजलि मिश्रा के लिए अयोध्या की यह यात्रा सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं है। बल्कि यह उनके दर्शकों के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद कहने का एक तरीका है जिन्होंने उनके शो को इतने सालों में हर घर का पसंदीदा शो बना दिया है। अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए, योगेश त्रिपाठी उर्फ दरोगा हप्पू सिंह ने कहा, ''राम नवमी पर अयोध्या की पावन भूमि पर कदम रखना वाकई में एक दिव्य अनुभव है। भगवान राम के आशीर्वाद ने हमेशा हमारा मार्गदर्शन किया और हमें प्रेरणा दी है, और अब जब हमारे शो ने 6 साल पूरे कर लिए हैं तो मेरे लिए इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए इससे बेहतर कोई और तरीका नहीं हो सकता।

वेदांता लांजीगढ़ ने अपनी 5 एमटीपीए रिफाइनरी में इजाफे के लिए रेल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया

रायपुर। भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने अपने लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में सफलतापूर्वक इजाफा करते हुए एक नई रेलवे लाइन का उद्घाटन किया है, जिससे इसकी आपूर्ति श्रृंखला क्षमता और मजबूत होगी। इस रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार ओडिशा के कालाहांडी जिले के लांजीगढ़ में 5 एमटीपीए एल्युमिना रिफाइनरी के चालू होने के साथ जुड़ा हुआ है। इससे कच्चे माल और वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, यह कंपनी के 2050 तक या उससे पहले नेट ज़ीरो कार्बन बनने के लक्ष्य के अनुरूप है, क्योंकि नई रेलवे लाइन एक साल में 262 टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन कम करेगी।

यह नई शुरु की गई 13.4 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन वेदांता लांजीगढ़ की लॉजिस्टिक्स संचालन के लिए 100 प्रतिशत रेल को-एफिशिएंसी की दिशा में एक अहम् उपलब्धि है, जो यह सुनिश्चित करती है कि माल की सारी आवाजाही रेल के जरिए हो। इसके अलावा, इन-प्लांट यार्ड के भीतर छह नई लूप लाइनें शुरु की गई हैं, जिन्हें एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक सिग्नलिंग सिस्टम की मदद मिलती है। इस विकास से प्लांट की क्षमता सालाना 25 मिलियन टन कच्चे माल और वस्तुओं को संभालने की है, जो बेहतर दक्षता के साथ प्रति दिन 20 रेक को समायोजित करता है। इस प्रोजेक्ट की एक खासियत रिले रूम इंटरलॉकिंग (आरआरआई) से इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) की ओर बढ़ते हुए सिग्नलिंग सिस्टम को मैनुअल से डिजिटल में बदलना है, जो रेल प्रचालन में बेहतर डिजिटलीकरण को दर्शाता है।

विश्व के नंबर 1 सहकारी समिति इफको ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की घोषणा का स्वागत किया

नई दिल्ली। इफको ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की घोषणा और 26 मार्च 2025 को निचले सदन द्वारा इसके अनुमोदन का स्वागत किया है। विधेयक की घोषणा करते हुए माननीय सहकारिता और गृह मामलों के मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद, आज देश को अपना पहला सहकारी विश्वविद्यालय मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, स्वरोजगार और छोटे उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करेगा, सामाजिक समावेशन को बढ़ाएगा और नवाचार व अनुसंधान में नए मानक स्थापित करने के अवसरों को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश को सहकारिता की भावना से प्रेरित और आधुनिक शिक्षा से सुसज्जित एक नया सहकारी नेतृत्व प्रदान करेगा।

डॉ. उदय शंकर अवस्थी, प्रबंध निदेशक, इफको ने कहा, ÷मैं त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की सराहना करता हूं, जो सहकारी संस्थानों के अग्रणी विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना सहकारी क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगी। मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के इस सराहनीय कदम का स्वागत करता हूं। यह भारतीय कृषि, किसानों और ग्रामीण विकास के लिए बहुत बड़ा कदम है। इससे हमारे गांव और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा, देश भर में क्षेत्र-विशिष्ट स्कूलों की स्थापना से उर्वरक सहकारी संस्थानों, विशेष रूप से इफको को मदद मिलेगी। इससे उर्वरक सहकारी प्रबंधन और विपणन के क्षेत्र में पेशेवरों की नई पीढ़ी सशक्त होगी। मौजूदा सहकारी कर्मचारियों के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रम एक गेम-चेंजर हैं और यह ऐसा कदम है जो इस पैमाने पर पहले कभी नहीं उठाया गया। यह विश्वविद्यालय मौजूदा कर्मचारियों और सहकारियों को प्रशिक्षित करेगा, जिससे वे अधिक कुशल बनेंगे और सहकारी बिरादरी के लिए एक बड़ी संपत्ति साबित होंगे। इस कदम की सराहना व्यक्त करते हुए श्री दिलीप सांघानी, अध्यक्ष, इफको ने कहा कि यह कदम सुनिश्चित करेगा कि सहकारी नेतृत्व की अगली पीढ़ी के बीजों को एक ऐसी प्रणाली के तहत पोषित और संरक्षित किया जाएगा जो सहकारी संस्थानों द्वारा सहकारी संस्थानों के लिए संचालित होगी।

स्व. बिसाहू दास महंत की 101वीं जयंती पर श्रद्धांजलि आज

सक्ती। आज 01 अप्रैल 2025 को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जननायक स्व. बिसाहू दास महन्त जी की 101वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालय सक्ती स्थित स्व. बिसाहू दास महन्त उद्यान, हटरी रोड में संपन्न होगा। इस समारोह में नेता प्रतिपक्ष माननीय डॉ. चरण दास महन्त, सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना महन्त समेत अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर जिले एवं प्रदेश के सभी विधायक, पूर्व विधायक, कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व पार्षद, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सरपंच, पंच, ब्लॉक एवं जिला कांग्रेस पदाधिकारी, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन स्व. बिसाहू दास महन्त स्मृति सेवा समिति, सक्ती द्वारा किया जा रहा है। समिति ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से अपील की है कि वे इस श्रद्धांजलि सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित करें।

पत्थलगांव कछार शिव मंदिर में चैत्र नवरात्र की धूम

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। पत्थलगांव से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी में स्थित ग्राम कछार के शिव मंदिर में हर वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी धूमधाम से चैत्र नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। कछार के प्रसिद्ध शिव मंदिर को जगमग लाइट से खुभ अच्छी तरह सजाया गया है। जहाँ आसपास सहित दूर दूर से भक्त पूजन करने पहुच रहे है। जहां भक्त अपने और परिवार के शुख शांति और समृद्धि के लिए ज्योति कलश स्थापित करते है। भक्तो का मानना है कि सच्चे मन से ज्योति कलश के स्थापना से भक्तो के सभी मुरादे माता रानी अवश्य पूरा करती है । रोजाना रात्रि आरती में काफी सँख्या में भक्त मंदिर प्रांगण में मौजूद रहते है। आरती के पश्चात माता की रसोई का प्रसाद भक्तों में वितरण किया जाता है जिसे पाने के लिए भक्त गाँव गाँव से मन्दिर पहुचते है।

वही महिलाएं आरती के बाद माता के भजन में थिरकते दिखते है। चैत्र नवरात्र पे कछार मंदिर में यजमान के रूप में सुभाष अग्रवाल है। जो अपने धर्मपत्नी के साथ मंदिर के पूजा में मुख्य यजमान है जो पूरे विधि विधान से पूजन कर रहे है।

सभी हिन्दू भाईयो की नव वर्ष की शुभ कामना देते हुए बनारस से पूजन कराने आये चन्द्रेश्वर मिश्रा ने बताया कि नवरात्रो मे प्रमुख दो नवरात्र होते हैं। एक वासंतिक नवरात्र जो चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नवमी तक मनाई जाती है। और दूसरा शारदीय अश्विन शुक्लपक्ष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्र संसार की आदि शक्ति महेश्वरी दुर्गा का पावन पर्व है।

इसबार पूर्ण नवरात्र 8 दीन का है। साथ ही महराज ने बताया इस वर्ष नवरात्र में जिसे भी अपने गृह एवं कार्य क्षेत्र में बाधा आ रहा हो वे भक्त सर्व बाधा विनिमुक्तो धन धान्य सुतावितः मनुष्यो मत्प्रसादेन भविष्यति न संशयः इस मन्त्र के पाठ करने से उनको अवश्य लाभ प्राप्त होगा इसमे किसी तरह का संशय नहीं है। प्रथम दिन शैलपुत्री को दूध मेंवा का भोग प्रसाद अर्पण कर द्वितीय दिन ब्रह्मचारिणी देवी का पूजन करें इस क्रम से नव दीन नवरूप का पूजन हो नवदीन फ्लाहार करके उपवास रहना संभव न हो तो एक समय अन्न ग्रहण करके पूजन अर्चन करे अपने धर्म साधन के अनुसार ब्रत पूजन करे सफ्लता अवश्य प्राप्त होगी इसमे किसी तरह का संशय नही है।

कछार शिव मंदिर के कार्यक्रम में निरंजन यादव ,कृष्णा अग्रवाल, पद्मन पटेल, खितिज खूंटियां, जितेन्द्र गुप्ता, ऋषि बेहरा, तरुण जायशवाल, पप्पू यादव, गोपाल गोयल, चिंटू अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, त्रिलोचन यादव, टुनटुन मिश्रा, , लछमन यादव, दिपांसु अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, पंकज गोयल एवं अन्य मंदिर समिति के साथी मिल कर मंदिर के कार्यक्रम में हाथ बटा रहे है।

शराब दुकान में तालाबंदी कर महिलाओं ने किया जमकर प्रदर्शन

लगातार आश्वासन के झुनझुने से परेशान हैं ग्रामीण

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। जशपुर जिले के पत्थलगांव नगर पंचायत के वार्ड संख्या 02 स्थित लांजीयापारा में खुली देशी-विदेशी शराब की दुकान हटवाने को लेकर महिलाएं नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गये। महिलाओं ने शराब की दुकान में शटर बंद कर जमकर प्रदर्शन किया । महिलाओं का कहना है कि जब तक शराब की दुकान गांव से नहीं हटती तब तक धरना जारी रहेगा। दरअसल, सोमवार की सुबह 11 :00 बजे कुमेकेला गांव समेत आस पास में काफी संख्या में महिलाओं ने शराब की दुकान पर पहुंचे और प्रशासन से शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर नारे बाजी करते हुये धरने पर बैठ गये।

महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान के कारण महिलाओं को काफी परेशानी होती है। राह से गुजड़ने वाली महिलाओं पर शराब के नशे में धुत शराबियों ने गंदी गंदी कमेंट करते है। साथ ही स्कूली बच्चियों को तरह तरह के कमेंट करते है । साथ ही शराबियों द्वारा खेतो में शराब का बॉटल फेंक दिए जाने से फसल पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। करीब 8 वर्षो से क्षेत्र की महिलाओं ने शराब दुकान हटाने को लेकर समय समय पर प्रदर्शन करते आ रही है। वही चुनाव के समय पर विधायक गोमती साय से शराब दुकान को हटाने की बात कही थी. जिसपर विधायक गोमती साय ने जितने के बाद शराब दुकान हटाने की आश्वासन दिया था । उनका कहना है कि एक सप्ताह पहले भी धरना पदर्शन किया गया था जिसके बाद प्रशासन की तरफ से 7 दिन का अल्टीमेटम देकर प्रदर्शन को समाप्त काराया गया था। आज सात दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नही होने से महिलाओं का गुस्सा सातवें आसमान पर है। महिलाओं ने शराब दुकान में तालाबंदी कर करीब 3 घंटे से धरना पर बैठे डटे हुए है । वही शराब दुकान में पदस्थ कर्मचारियों अंदर बंद है। महिलाओं ने साफतौर पर प्रशासन से लांजीयापारा में खुली शराब की दुकान बंद करवाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक यहां से शराब की दुकान नही हटती तब तक धरना जारी रहेगा।

पत्थलगांव नायाब तहसीलदार नीलम पिस्दा समेत पुलिस प्रशासन मौके पर पहुँच कर समझाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि शराब दुकान हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है कुछ समय बाद दुकान दूसरी जगह शिफ्ट कर दी जायेगी. हालांकि प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के समाझाइश के बाद भी हटने को तैयार नही है।

रमेश करके को शिक्षा के उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता

जांजगीर। भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन में आज शिकसा कला अकादमी के द्वारा अनेक ख्याति प्राप्त नारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं का सम्मान करना था जिन्होंने शिक्षा कला एवं विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त की है, इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुटरा की शिक्षिका श्रीमती रमेश करके जी का शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शिकसा कला अकादमी के श्री शिव नारायण देवांगन एवं श्री बोधी राम साहू जी के द्वारा द्वारा शिकसा उत्कृष्ट नारी सम्मान से सम्मानित किया गया। गौर करने वाली बात यह है कि श्रीमती रमेश कारके जी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचारी प्रयास किये जा रहे हैं चाहे बच्चों को आधुनिक वेशभूषा से सुसज्जित करना हो या खेल-खेल में शिक्षा का विविध प्रयोग करना हो,सभी क्षेत्रों में कारके मैडम जी का प्रयोग सराहनीय रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुटरा के प्राचार्य श्री संदीप श्रीवास्तव जी ने कारके. मैडम जी की इस सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्री श्रीवास्तव सर ने कहा कि शुरू से ही बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा जैसे कठिन विषयों पर कारके मैडम जी ने महारत हासिल की है,उसका फायदा पूरे विद्यालय परिवार को मिल रहा है। आज प्राथमिक शाला में बच्चे आसानी से कठिन से कठिन गणित के प्रश्न हो या हिंदी की कहानियों का वाचन हो यह सभी विधाओं में जो पारंगत हो रहे हैं वह कारके मैडम जी की ही देन है। विद्यालय के राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता श्री अनुराग तिवारी जी ने कहा श्रीमती रमेश कारके मैडम जी आज सभी शिक्षिकाओं की प्रेरणा स्रोत है उनको इस तरह मिलने वाले सम्मान ने साबित किया है कि उनकी कला की सराहना आज राज्य स्तर पर होने लगी है। हम सब उनको सम्मानित होने से गर्व का अनुभव कर रहे हैं। व्याख्याता श्री महावीर विजर्सन जी का मानना है कि मैडम जी बहुत सारे लोगों की प्रेरणाय स्रोत है,बच्चों से एवं बालको से आसानी से उनका जुड़ाव ही आज शिक्षा के क्षेत्र में उनको सम्मानित करने का अवसर प्रदान कर रहा है। श्रीमती कारके मैडम जी के इस प्रकार से सम्मानित होने पर विद्यालय के संकुल समन्वयक श्री देवेंद्र साहू जी ने भी हर्ष व्यक्त किया है और कारके मैडम जी को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुटरा की प्रधान पाठिका श्रीमती इंदिरा शुक्ला एवं बंजारे सर जी के द्वारा भी रमेश कारके मैडम जी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उनको शुभकामनाएं प्रेषित की है। रमेश करके मैडम जी के शिक्षा नारी सम्मान से सम्मानित होने पर ग्राम पंचायत कुटरा के सरपंच श्रीमती बृहस्पति कश्यप सहित सभी पंचो में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के कर्मचारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कलेक्टर ने बाल सम्प्रेक्षण गृह और बालिका खुला आश्रय गृह का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने बाल सम्प्रेक्षण गृह के बालको को बेटबाल बैडमिंटन किट उपहार में दिया

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव/जशपुर। कलेक्टर रोहित व्यास ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बालक बाल सम्प्रेक्षण गृह और बालिका खुला आश्रय गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया और दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

भोजन की गुणवत्ता, सम्प्रेक्षण गृह में बच्चों का बौद्धिक विकास और शैक्षणिक गतिविधियों की भी जानकारी। सी सी टी कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। बच्चों ने बताया कि वे कैरम, शतरंज,लूडो, और अन्य खेल गतिविधियों में शामिल होते हैं। इसके साथ ही वे पढ़ाई भी करते हैं और कम्प्यूटर चलाना भी सीख रहे हैं।

कलेक्टर ने सम्प्रेक्षण गृह में रहने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। और उनका कौशल उन्नयन करवाने के लिए भी कहा गया है। ताकि वे हुनरमंद बन सके । बालक सम्प्रेक्षण गृह में 12 से 18 वर्ष के बालकों को रखा जाता है। उसी प्रकार बालिका खुला आश्रय गृह में भी 12 से 18 वर्ष तक की बालिका को रखा जाता है। और उनका काउंसलिंग, स्वास्थ्य परीक्षण और शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा तहसीलदार जशपुर जय श्री और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

आईपीएल सट्टेबाजी : पुलिस की बड़ी कार्रवाई

नवनिर्वाचित पार्षद हुलास देवांगन और प्रियांशु अग्रवाल को गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे

समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। नगर में आईपीएल क्रिकेट मैच के सट्टे पर सक्ती पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में नगर में चौथी बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खेलते और खेलाते दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में वार्ड क्रमांक 10 के नवनिर्वाचित पार्षद हुलास देवांगन एवं प्रियांशु अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से तीन महंगे मोबाइल जब्त किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपी और जब्ती विवरण -वार्ड क्रमांक 10 के नव निर्वाचित पार्षद हुलास देवांगन (25 वर्ष), पिता मोहन लाल देवांगन, निवासी वार्ड नंबर 10, अखराभांठा, सक्ती। प्रियांशु अग्रवाल (19 वर्ष), पिता कैलाश अग्रवाल, निवासी वार्ड नंबर 07, राम मंदिर रोड, सक्ती।

जप्ती सामग्री -मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न मोबाइल ङ्क 20,000/- रुपये, रियलमी मोबाइल ङ्क 15,000/- रूपये, आई फोन 15 प्रो ङ्क 50,000/- रुपये कुल कीमतः 85,000/- रुपये।

आईपीएल क्रिकेट मैचों की शुरुआत होते ही नगर में सट्टे की गतिविधियों की सूचना पुलिस को लगातार मिल रही थी। इस पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भापुसे) के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर मुखबिरों को सक्रिय किया गया।

दिनांक 30 मार्च 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 10 के नवनिर्वाचित पार्षद हुलास देवांगन अग्रसेन चौक, सक्ती में ऑनलाइन माध्यम से आईपीएल सट्टा खेल रहा है। सूचना के आधार पर तत्काल पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और हुलास देवांगन को मोबाइल एप्स के माध्यम से सट्टा खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में हुलास ने स्वीकार किया कि वह प्रियांशु अग्रवाल से ऑनलाइन आईडी लेकर सट्टा खेलता है।

इसके बाद पुलिस ने नारायण सागर रोड, वंदना मोड़ के पास घेराबंदी कर प्रियांशु अग्रवाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में प्रियांशु ने स्वीकार किया कि वह ऑनलाइन आईडी खरीदकर हुलास देवांगन को बेचा था और स्वयं भी ऑनलाइन सट्टा खेलता था। दोनों आरोपियों से सट्टा खेलने में प्रयुक्त मोबाइल जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 85,000/- रुपये आंकी गई।

पत्थलगांव क्षेत्र का अब तेज गति से होगा कायाकल्प : विधायक

विधायक जनदर्शन में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे फरियादी, विकलांग को तत्काल मिली व्हीलचेयर, चेहरे पर छाई खुशी

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। क्षेत्र के जनता की परेशानियों के निवारण हेतु सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती गोमती साय के पत्थलगांव स्थित कार्यालय में सोमवार को जनदर्शन कार्यक्रम रखा गया। यहां जनदर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे फरियादियों ने श्रीमती साय को आवेदन सौंपा। वहीं उनकी अनेकों समस्याओं का त्वरित निवारण भी किया गया।

आपको बता दें कि विधायक श्रीमती गोमती साय अपने क्षेत्र में छोटी से छोटी समस्याओं का निवारण करने प्रतिबद्ध है। जशपुर जिले का पत्थलगांव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गृह जिला होने पर यहां के बुजुर्ग, किसान, दिव्यांग, महिला, युवा एवं समस्त वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की जा रही है। इस दौरान विधायक निवास कार्यालय में श्रीमती गोमती साय द्वारा फरियादी को व्हीलचेयर तत्काल प्रदान कराया गया, जिससे उनके चेहरे खिलखिला उठे। वहीं विकलांग पेंशन, सनातन संत समाज गहीरा गुरु आश्रम द्वारा भवन एवं बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए आवेदन, नेटवर्क समस्या के लिए टावर लगवाने हेतु आवेदन, हैंडपंप प्रदाय करने एवं जमीन संबंधित समस्या समेत अन्य आवेदनों पर तत्काल विभाग के अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम अवगत कराते हुए समस्याओं को निराकरण करने के निर्देश दिए।

विधायक श्रीमती गोमती साय ने लंझियापारा स्थित शराब दुकान को जल्द ही 1 महीने के भीतर अन्यत्र कराए जाने, एवं रायगढ़ रोड़ सड़क निर्माण के रुके हुए कार्य को जल्द ही शुरू करने, शहर अंदर सड़क चौड़ीकरण कार्य जल्द शुरु करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पत्थलगांव क्षेत्र के कायाकल्प में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। शहर के विकास में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इस हेतु सहयोग करने उन्होंने लोगों से अपील की। उक्त अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, पत्थलगांव भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल, भाजपा ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हेमंत बंजारा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता सिंह, जनपद उपाध्यक्ष फिलिस्मीना एक्का, उपाध्यक्ष अजय बंसल, अरुण यादव, नरेश यादव, भारती शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी दिपेश रोहिला सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व पत्रकारगण उपस्थित रहे।

लाखों के गांजा के साथ दो आरोपियों को पकड़ा

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव/तपकरा। मामला इस प्रकार है कि दिनांक 28.03.25 को थाना तपकरा पुलिस को मुखबीर के जरिए एक पुख्ता सूचना मिली कि दो व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की एक स्लेटी कलर की जुपिटर स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ गांजा को छुपाकर उड़ीसा राज्य से तपकरा, कुनकुरी के रास्ते से होते हुए, अवैध गांजा को बिक्री करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे हैं। जिस पर तपकरा पुलिस के द्वारा तत्काल सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश में एक पुलिस टीम बनाकर तपकरा से कुनकुरी मार्ग के बीच साजबहार बिट्टू ढाबा के पास मेन रोड में नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, कि इसी दौरान संदेही बिना नंबर की स्लेटी स्कूटी आता दिखाई देने पर, तत्काल पुलिस की टीम के द्वारा उक्त स्कूटी की घेराबंदी कर तलाशी ली गई,तो उसमे एक पिला रंग का थैला मिला, जिसमें 11 पैकेट भूरे रंग के टेप से लिपटा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा था व स्कूटी की डिक्की को चेक करने पर उसमे 4 पैकेट में भूरे रंग के टेप से लिपटा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला, इस प्रकार पुलिस के द्वारा कुल 15 पैकेट में 15 किलो 350 ग्राम अवैध मादक पदार्थ को बरामद कर जप्त कर लिया गया है। जप्त गांजे की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख रुपए से अधिक है। पुलिस के द्वारा स्कूटी सवार दो आरोपी. विशाल मौर्य, उम्र 19 वर्ष, निवासी पठान टोला, थाना मऊ जिला मऊ (उत्तर प्रदेश). 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया है। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना तपकरा में 20(बी) एन डी पी एस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है।आरोपियों के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।मामले की विवेचना एवं अवैध मादक पदार्थ गांजे के साथ आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी तपकरा निरीक्षक संदीप कौशिक, सहायक उप निरीक्षक अनिल सिंह कामरे, प्रधान आरक्षक अजय लकड़ा, आरक्षक शिवशंकर राम, हरिराम पैंकरा, शोभित साय पैंकरा व नगर सैनिक सुरेश यादव की सराहनीय भूमिका रही हैगौरतलब है कि पुलिस से बचने तस्कर, तस्करी के नए- नए हथकंडे अपना रहे हैं, मगर जशपुर पुलिस के द्वारा अपने सक्रिय मुखबिरी तंत्र को मजबूत किया गया है।